


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-283 | सीहोर, शुक्रवार 03 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## शिवराज के पत्र पर आतिशी ने किया पलटवार कहा दाऊद का अहिंसा पर प्रवचन जैसा



### -दिल्ली में किसानों की स्थिति पर सियासत तेज

नई दिल्ली,(ए)। दिल्ली के किसानों की स्थिति को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के बीच सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री शिवराज ने किसानों की समस्याओं को लेकर दिल्ली की सीएम आतिशी को एक पत्र लिखते हुए उनकी सरकार पर किसानों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया था। इसके जवाब में आतिशी ने पलटवार करते हुए बोला है और उनकी सीखभरी आलोचना की तुलना दाऊद का अहिंसा पर प्रवचन देने से कर दिया है।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने पत्र में कहा था कि दिल्ली सरकार ने किसानों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की किसान हितैषी योजनाओं को दिल्ली में लागू करने में बाधाएं डाली गईं। शिवराज ने लिखा, कि दिल्ली के किसान केंद्र की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। मैंने पहले भी इन मुद्दों को लेकर पत्र लिखा, लेकिन आपकी सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। इस पर आतिशी ने शिवराज के पत्र पर कड़ा जवाब देते हुए कहा कि बीजेपी को किसानों की हालत पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी के शासन में किसानों पर लाठियां बरसाई गईं और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया गया। आतिशी ने कहा, कि आज पंजाब में किसान आमरण अनशन पर बैठे हैं। केंद्र सरकार को उनसे बात करनी चाहिए, लेकिन बीजेपी किसानों के मुद्दे पर सिर्फ राजनीति कर रही है। कृषि क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को लेकर सियासी टकराव ऐसे समय में तूल पकड़ा है जबकि देश के कई हिस्सों में किसान आंदोलन कर रहे हैं। दिल्ली में किसानों की स्थिति और केंद्र-राज्य के बीच टकराव ने इस बहस को और गरमा दिया है।

## गढ़चिरौली में माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण, देवेंद्र फडणवीस सरकार के प्रयासों को पीएम मोदी ने सराहा

नई दिल्ली (आरएनएस)। महाराष्ट्र में नक्सलवाद और माओवादियों के खिलाफ देवेंद्र फडणवीस की सरकार एक्शन मोड में है। गढ़चिरौली में 11 नक्सलियों ने नए साल के पहले दिन आत्मसमर्पण कर दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसे महाराष्ट्र सरकार के प्रयासों का फल बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। लिखा, मैं महाराष्ट्र सरकार द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना करता हूं। इससे निश्चित रूप से जीवन की सुगमता बढ़ेगी और और भी अधिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। गढ़चिरौली और आस-पास के क्षेत्रों के मेरे बहनों और भाइयों को विशेष बधाई।इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर कहा, गढ़चिरौली में माओवादियों का प्रभाव था। यहां माओवादियों के प्रभाव को खत्म कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाला रास्ता और पुल तैयार किया गया है। यहां पर 75 साल बाद लोगों को एसटी बस देखने को मिलेगी।

## शत-प्रतिशत जनसंतुष्टि ही सरकार का मूल ध्येय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सुशासन के जरिए लोक कल्याण ही सरकार का मूल ध्येय है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हमारे प्रयासों का अधिकतम लाभ जनता को ही मिले। राज्य सरकार इसी दिशा में आगे बढ़ रही है। जनता के कल्याण के लिए हम दिन-रात काम करेंगे। सरकार इस काम से कभी पीछे नहीं हटेगी। हम अपनी ऊर्जा का अधिकतम उपयोग जनकल्याण के लिए करेंगे। जनता की शत-प्रतिशत संतुष्टि ही हमारा पुण्य फल और पारितोषिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को नर्मदापुरम संभाग में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने में सरकार को समुचित सहयोग भी करें।

मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, वरिष्ठ विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, विधायक विजय पाल सिंह सहित अन्य क्षेत्रीय विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों ने बैठक में वर्चुअली सहभागिता की। मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव एस.एन, मिश्रा, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव संजय शुक्ल,



प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

### जनहित के कार्यों में विशेष रूचि लें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे जनता से जुड़े कार्यों को पूरा कराने में विशेष रूचि लें। सुशासन के जरिए ही जनता का सरकार पर भरोसा कायम रहता है। हम अपने क्षेत्र में सुशासन के जरिए जनकल्याण के लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सभी विधायक अपने संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के 5-5 प्रमुख बड़े निर्माण कार्यों सहित अन्य प्रस्ताव लिखित में दें। सरकार सभी निर्माण कार्यों को समय पर पूरा कराएगी और प्रस्तावों पर समुचित निर्णय लेगी।

## मध्यप्रदेश के कपिल परमार और रुबीना फ्रांसिस को अर्जुन अवार्ड

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश के दो पैरालंपिक खिलाड़ी सुश्री रूबीना फ्रांसिस और कपिल परमार ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ियों को भारत के प्रतिष्ठित खेल पुरस्कार अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इस बड़ी उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है। दोनों खिलाड़ियों की लगन, मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस राष्ट्रीय पुरस्कार को हासिल करने के काबिल बनाया है। श्री सारंग ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि हमारे अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक रहेगी।

उल्लेखनीय है कि रुबीना जबलपुर की रहने वाली है और कई साल से एमपी शूटिंग एकेडमी भोपाल में ट्रेनिंग ले रही हैं, वहीं कपिल परमार सीहोर के रहने वाले हैं। दोनों खिलाड़ी पेरिस पैरालंपिक 2024 के मेडलिस्ट हैं। कपिल परमार ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में



5 सितंबर 2024 को मेंस के -60 किग्रा J1 वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इसी के साथ वे जूडो में पैरालंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए। पेरिस पैरालंपिक 2024 में रुबिना ने 10 मीटर एयर पिस्टल SH1 इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। रुबिना एमपी की पहली खिलाड़ी हैं जिन्होंने पैरालंपिक में पदक हासिल किया है।

### राष्ट्रपति 17 जनवरी को पुरस्कार प्रदान करेंगी

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने आज राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की। राष्ट्रपति पुरस्कार विजेताओं को 17 जनवरी, 2025 सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगी। उल्लेखनीय है कि समिति की सिफारिशों के आधार पर और उचित जांच के बाद, सरकार ने विभिन्न खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, विश्वविद्यालय और संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार पिछले चार वर्षों की अवधि में अच्छे प्रदर्शन तथा नेतृत्व, खेल कौशल और अनुशासन की भावना दिखाने के लिए दिया जाता है। अर्जुन अवार्ड के लिए आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किए गए थे और खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/ संस्थाओं को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं आवेदन करने की अनुमति दी गई थी।

## लालू के खुले ऑफर के बाद केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा, हम एनडीए में मजबूती से हैं

पटना (आरएनएस)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू यादव के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ आने के खुले ऑफर दिए जाने के बाद बिहार की सियासत गर्म हो गयी है। हालांकि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने राजद अध्यक्ष के इस बयान से इत्तेफाक नहीं रखते हुए कहा कि आप लोग पूछते रहते हैं, वह इस कारण बोल दिए होंगे। इधर, जदयू के नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह का भी कहना है कि हम लोग एनडीए में हैं। दरअसल, राजद के अध्यक्ष ने अपने एक साक्षात्कार में कहा कि नीतीश कुमार के लिए दरवाजे खुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को हम माफ कर देंगे। उनके साथ मिलकर एक बार फिर से काम करेंगे। लालू यादव के इस बयान को लेकर प्रदेश की सियासत में चर्चा का बाजार गर्म है।

## संभलः शाही मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर विवाद पर एडवोकेट कमिश्नर ने कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट पेश की



संभल (ए)। संभल की शाही जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर विवाद को लेकर बड़ी खबर आ रही है। एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने अपनी सर्वे रिपोर्ट चंदौसी की अदालत में पेश कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक सीलबंद लिफाफे में यह रिपोर्ट पेश की गई है।

सूत्रों के मुताबिक इस रिपोर्ट में शाही जामा मस्जिद को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक मस्जिद में मंदिर होने के प्रमाण मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि पहले दिन (19 नवंबर) के सर्वे में करीब डेढ़ घंटे की वीडियोग्राफी हुई। जबकि दूसरे दिन करीब तीन घंटे की वीडियोग्राफी हुई। सर्वे को दौरान साढ़े चार घंटे की वीडियोग्राफी की गई। करीब 1200 फोटो लिए गए। सूत्रों का कहना है कि मस्जिद के अंदर दो वट वृक्ष हैं। अमूमन हिंदू धर्म में वट वृङ की पूजा होती है। मस्जिद में कुआं है, जो आधा अंदर और आधा बाहर है। बाहर वाले हिस्से को ढंक दिया गया है जबकि कुआं का आधा हिस्सा मस्जिद के अंदर है। सूत्रों के मुताबिक सर्वे के दौरान 50 से ज्यादा फूल के निशान मिले हैं। गुम्बद के हिस्से को प्लेन कर दिया गया है। पुराने कंस्ट्रक्शन को बदलने और नए कंस्ट्रक्शन के भी सबूत मिले हैं। मंदिर के शेप पर प्लास्टर लगाकर पेंट कर दिया गया है। मस्जिद में अंदर जहां बड़ा गुम्बद है उस गुम्बद पर झुमूर को तार से बांध कर एक चेन से लटकाया गया है। वैसे चैन का इस्तेमाल मंदिर के घंटों में किया जाता है।

## श्रीलंका ने रिहा किए 20 भारतीय मछुआरे, स्वदेश लौटे

चेन्नई (आरएनएस)। श्रीलंका की जेलों से रिहा किए गए 20 भारतीय मछुआरे विमान से चेन्नई पहुंच गए हैं। मछुआरों को एक साल पहले श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार किया था। वे तमिलनाडु के पुडुकोट्टई, रामनाथपुरम और तूतूकुड़ी जिलों के निवासी हैं और श्रीलंका की जेलों में थे।भारत और श्रीलंका सरकार के बीच बातचीत के बाद श्रीलंका ने 20 मछुआरों को रिहा कर दिया। उन्हें भारतीय दूतावास के अधिकारियों को सौंप दिया गया, जिन्होंने उन्हें अस्थायी नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसके बाद मछुआरों को कोलंबो से चेन्नई हवाई अड्डे पर ले जाया गया। चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंचने पर मछुआरों को नागरिकता सत्यापन, सीमा शुल्क जांच और अन्य औपचारिकताओं से गुजरना पड़ा। इसके बाद मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें अलग-अलग वाहनों से उनके गृहनगर पहुंचाने की व्यवस्था की।




कुक्कुट भवन में संविदा कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन

## मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड, उत्तरी हुआ हवाओं का रुख, कई जिलों में शीतलहर का अलर्ट

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में 1 जनवरी से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो चुका है। बारिश के बाद कई जिलों के तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग ने शीतलहर का अलर्ट भी जारी किया है। मध्य प्रदेश में मौसम नए साल के साथ ही एक बार फिर कड़ाके की ठंड में बदल चुका है। बीच में एक-दो दिन ठंड से राहत मिलने के बाद अब फिर ठंडी हवाओं ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। इन हवाओं के चलते कई जिलों के तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली है। मौसम विभाग ने कई शहरों में शीत लहर का अलर्ट भी जारी किया है।न्यूनतम तापमान की बात करें तो नीमच में सबसे कम तापमान 3.5 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, भोपाल और ग्वालियर में भी तापमान में गिरावट देखने को मिली। मौसम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ का जो सर्कुलेशन बन रहा था। उसकी वजह से मध्य प्रदेश में 2 दिन तक बारिश हुई है। इसी के कारण शीतलहर की शुरुआत हुई।



## यमुनानगर चौकी के पास ट्रिपल मर्डर : 15 पुलिसकर्मियों के निलंबन के बाद 9 जवान नौकरी से बर्खास्त, चौकी में छिपे रहे पुलिसकर्मी

यमुनानगर (आरएनएस)। हरियाणा के यमुनानगर में खेड़ी लक्खा सिंह पुलिस चौकी के पास हुए गैंगवार और ट्रिपल मर्डर के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले में यमुनानगर के एसपी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चौकी इंचार्ज समेत 4 एएसआई, 2 एसपीओ और 2 होमगार्ड को बर्खास्त कर दिया है। एसपी का मानना है कि वारदात के दौरान पुलिसकर्मियों की लापरवाही साफ नजर आई, क्योंकि गैंगवार में 100 राउंड से ज्यादा गोलियां चलने के बावजूद चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी कार्रवाई करने के लिए बाहर नहीं आए। 26 दिसंबर की सुबह यमुनानगर के खेड़ी लाखा सिंह इलाके में पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर यह गैंगवार हुई। करीब 5-6 बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर तीन लोगों की हत्या कर दी घटना के बाद स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ शवों और घायलों को खुद ही अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद पुलिसकर्मियों की निष्क्रियता पर सवाल उठे और 27 दिसंबर को एसपी ने चौकी के सभी 15 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था।

### तीसरी आंख




## महाकाल के दर्शन कर लौट रही बस ट्रोले में घुसी, 20 घायल

दौसा (आरएनएस)। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह घने कोहरे के कारण नांगल राजावतान थाना क्षेत्र के लाडली का बास के पास पिलर नंबर 198 पर भीषण सड़क हादसा हुआ। उज्जैन से महाकाल के दर्शन कर दिल्ली लौट रहे यात्रियों से भरी बस ने आगे चल रहे ट्रोले को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 20 लोग घायल हो गए, जिनमें से 12 की हालत गंभीर है। हादसा सुबह करीब 5.30 बजे हुआ। बस में 36 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस की केबिन पूरी तरह चकनाचूर हो गई। बस के पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने भी बस को टक्कर मार दी, जिससे बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गया। घायलों को तुरंत दौसा के जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 12 गंभीर रूप से घायलों को जयपुर रेफर कर दिया गया। घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी, जो इस हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है।हादसे की सूचना पर दौसा डीएसपी चारुल गुप्ता भी मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्यों का जायजा लिया। पुलिस ने मौके से क्षतिग्रस्त बस और ट्रक को हटाकर यातायात बहाल किया। इस दौरान पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना देकर उनकी मदद सुनिश्चित की।

## राहुल गांधी का देश के नाम पत्र, संविधान और मनुस्मृति पर भाषण और मनमोहन सिंह का जिक्र

नई दिल्ली (ए)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना न्यूजलेटर रिलीज किया है, इसमें 11 से 31 दिसंबर तक की घटनाओं का जिक्र किया है। इसके अलावा संसद में संविधान और मनुस्मृति पर राहुल गांधी के भाषण, उससे जुड़े घटनाक्रम के बारे में भी लिखा गया है।

पत्र में राहुल गांधी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को अपना गुरु और सलाहकार बातकर कहा, डॉ. सिंह ने भारत का नेतृत्व अत्यंत बुद्धिमत्ता और सत्यनिष्ठा के साथ किया। उनके नेतृत्व में अर्थव्यवस्था आगे बढ़ी और करोड़ों भारतीयों को गरीबी से बाहर निकालते हुए एक समृद्ध मध्यम वर्ग का निर्माण किया। वह हमेशा हमारे दिलों में रहने वाले है। देश ने अपने बड़े नेता के साथ, मैंने भी अपना गुरु और सलाहकार खो दिया है।

राहुल गांधी ने पत्र में संविधान और मनुस्मृति के बीच चल रही लड़ाई पर बात की। पत्र में राहुल के बयान का जिक्र किया गया, जिसमें द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा लिया, वैसे ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश के युवाओं का भविष्य छीन रही है। पत्र केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में बाबासाहेब अंबेडकर के कथित अपमान करने को लेकर उनके इस्तीफे की मांग का भी जिक्र है। इसके अलावा



राहुल गांधी के महाराष्ट्र के परभणी दौरे का भी जिक्र कर लिखा है, राहुल ने संविधान की रक्षा करते हुए मारे गए सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार को श्रद्धांजलि और बहादुर बेटे को खोने वाले परिवार से अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। पत्र में महंगाई की चर्चा करते हुए इस पर खास फोकस किया है। बात दें कि राहुल गांधी ने दिल्ली में एक सब्जी मंडी के दौरे के दौरान महंगाई पर चर्चा की और लोगों से घर चलाने में आने वाली चुनौतियों पर बातचीत की।

नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ बीते वर्ष 2024 पर भी एक नजर डाली गई है। इसमें मणिपुर से मुंबई तक न्याय के लिए लड़ी गई लड़ाई के तौर पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में बताया गया है। लोकसभा 2024 को संविधान बचाने वाला चुनाव बताया गया है। बताया गया कि इस चुनाव में देश की गरीब और वंचित आबादी संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया गुट के साथ खड़ी हो गई। भारत के लोगों के साथ राहुल गांधी की यादगार मुलाकातों की झलकियां भी शेयर की गई और बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने देश भर के अलग-अलग समुदाय से मिलना जारी रखा ताकि उनके सुख-दुख को समझा जा सके।

पत्र में इस बात का जिक्र किया गया कैसे राहुल गांधी ने साल 2024 में संसद में भारत को लोगों की आवाज को उठाया। राहुल गांधी ने बेरोजगारी, एमएसपी, पेपर लीक, मणिपुर, जाति जनगणना और धार्मिक असहिष्णुता जैसे मुद्दों को उठाया। राहुल गांधी द्वारा बीते साल संसद में दिए गए प्रमुख भाषणों की झलकियां भी दिखाई गई। आंकड़ों के जरिए बताया गया कि राहुल गांधी ने साल 2024 में 25 राज्यों का दौरा किया।



# जनता की शंकाओं को दूर कर सावधानी पूर्वक किया जायेगा कचरे का विनिष्टीकरण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## -कचरे के विनिष्टीकरण की करेंगे सतत निगरानी
## -वर्ष 2015 में किया जा चुका है ट्रायल रन



भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यूनियन कार्बाइड के कचरे के विनिष्टीकरण के लिये सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है। कचरे का निष्पादन जनता की शंकाओं को दूर कर सावधानी पूर्वक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनता के सरोकार प्राथमिकता में सबसे ऊपर है, कचरे के विनिष्टीकरण की कार्रवाई सतत् निगरानी में की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हादसे के 40 वर्ष बीतने के बाद भोपाल में रखा लगभग 337 मीट्रिक टन कचरे का हानिकारक प्रभाव खत्म हो गया है। उन्होंने बताया कि बचे हुए शेष कचरे में 60 प्रतिशत से अधिक केवल स्थानीय मिट्टी, 40 प्रतिशत में 7-नेपथॉल, रिएक्टर रेसिड्यूज और सेमी प्रोसेस्ड पेस्टीसाइड्स का अपशिष्ट है। इसमें मौजूद 7-नेपथॉल रेसीड्यूस मूलतः मिथाइल आइसो साइनेट एवं कीटनाशकों के बनने की प्रक्रिया का सह-उत्पाद होता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसका विषैला प्रभाव 25 साल में लगभग समाप्त हो जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास में मीडिया से चर्चा में ये बातें कहीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कचरे के निपटान की प्रक्रिया का केन्द्र सरकार की विभिन्न संस्थाओं जैसे- नीरी (नेशनल इन्वॉयरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट), नागपुर, NGRI (नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीटयूट) हैदराबाद, IICT (इंडीयन इंस्टीट्यूट ऑफ केमीकल टेक्नोलॉजी) तथा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा समय-समय पर गहन परीक्षण किया गया है। उनके अध्ययन तथा सर्वोच्च न्यायालय को प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आधार पर भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय को मार्च, 2013 में दिये गये निर्देशानुसार केरल कोच्चि स्थित हिंदुस्तान इनसेक्टीसाइड लिमिटेड के 10 टन यूनियन कार्बाइड के समान कचरे का परिवहन कर पीथमपुर स्थित TSDF में ट्रायल रन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निगरानी में किया गया।

सफल ट्रायल रन का प्रतिवेदन सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ट्रायल रन के निष्कर्षों के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने अप्रैल, 2014 में यूसीआईएल के 10 मीट्रिक टन कचरे का एक और ट्रायल रन भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की निगरानी में टीएसडीएफ पीथमपुर मे किये जाने के निर्देश दिये। सर्वोच्च न्यायालन ने इस ट्रायल रन की वीडियोग्राफी भी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये थे। निर्देशानुसार अगस्त, 2015 में ट्रायल रन के बाद केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रायोगिक निपटान की समस्त रिपोर्ट सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट्स में यह स्पष्ट हुआ कि इस प्रकार के कचरे के निपटान से वातावरण को कोई नुकसान नही हुआ है।

## रात को घर देर से आने पर पिता की डांट से नाराज किशोर ने लगा ली फांसी



भोपाल (ए)। पुराने शहर के शाहजहॉनाबाद थाना इलाके में रहने वाले एक नाबालिग किशोर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया गया है की मृतक किशोर बेटे को रात को देरी से घर आने पर पिता ने डांट दिया दिया था। संभवत इससे नाराज होकर ही उसने यह कदम उठाया है। मिली जानकारी के अनुसार वाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स इलाके में रहने वाला 17 वर्षीय नाबालिग बीते काफी समय से देर रात को घर आता था। इसे लेकर पिता सहित परिवार वालो ने उसे कई बार जल्दी घर आने की समझाइश दी थी, लेकिन तब भी किशोर ने घर जल्द नहीं पहुंचता था। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे घर पहुंचा था। इतनी रात को घर आने पर मजदूरी करने वाले उसके पिता ने उसे फटकार लगाते हुए किशोर बेटे से देर रात तक घर से बाहर रहने का कारण पूछा। पिता के साथ ही परिवार के अन्य लोगो ने भी उससे देर रात तक बाहर रहने को लेकर पूछताछ की। इससे नाबालिग नाराज हो गया और दूसरे कमरे में जाकर अपने आप को बंद कर लिया। इसके बाद किशोर ने कमरे में रखी साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। देर रात ही सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंपते हुए आगे की कर रही है।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से मुख्य सचिव अनुराग जैन ने आज राजभवन में सौजन्य भेंट की।

## पति नहीं पत्नि ने पति पर किया एसिड अटैक

### -पहले पति की धुनाई लगाई जब भागने लगा तो डाल दिया एसिड
### -घरेलू कलह के कारण हुआ था विवाद, आरोपी पत्नि के खिलाफ मामला दर्ज

भोपाल(ए)। राजधानी के निशातपुरा थाना इलाके में घरेलू विवाद के बाद पति-पत्नि के बीच मारपीट और एसिड अटैक का हैरानी भरा मामला सामने आया है। यहाँ पति नहीं बल्कि पत्नि ने पहले तो पति की धुनाई की जब पति ने वहाँ से अपनी जान बचाने के लिये भागने की कोशिश की तब पत्नि ने उसपर एसिड फैंक दिया। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विश्वकर्मा नगर में रहने वाले 61 वर्षीय नारायण लोधी ड्राइवरी करते हैं। उन्होंने दूसरी शादी दुर्गा लोधी नामक महिला से की है, उनकी दो लड़कियां है। ड्राइवरी का काम होने के चलते वह वे अक्सर बाहर जाते रहते हैं, और हफ्ते में दो दिन के लिए वापस घर आते हैं। बीते दिन नारायण वापस घर आए थे। इस दौरान वे घर के लिये किराने का सामान लेकर भी लाए थे। सामान कम देख पत्नी दुर्गा लोधी ने उनसे विवाद करते हुए कहा कि पूरा सामान क्यों लेकर नहीं आए। इसे लेकर उन दोनो के बीच बहसबाजी होने लगी। विवाद बढ़ने पर पत्नि दुर्गा लोधी ने पति नारायण से मारपीट करनी शुरू कर दी। उसकी मार से बचने के लिये नारायण लोधी ने घर से निकलकर बाहर भागने की कोशिश तब पत्नी ने पीछे से उनपर



एसिड फेंक दिया। एसिड गिरने से नारायण के कपड़े जल गए और शरीर पर भी एसिड के छींटे आने से वे घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने पति की शिकायत पर पत्नि दुर्गा लोधी के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। बताया गया है कि दंपत्ति के बीच बीते काफी समय से आये दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता है और उनके विवाद पूर्व में थाने भी पहुंच चुका था। फिलहाल मामला कायम कर पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

## रक्सौल-एलटीटी-रक्सौल एक्सप्रेस निरस्त

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा अपरिहार्य कारणों से गाड़ी संख्या 05557/05558 रक्सौल-एलटीटी-रक्सौल सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरती है, को अस्थायी रूप से निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

**निरस्तीकरण का विवरण**

1. गाड़ी संख्या 05557 रक्सौल-एलटीटी सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन, दिनांक 14.01.2025 से 28.01.2025 तक (तीन ट्रिप) निरस्त रहेगी। 2. गाड़ी संख्या 05558 एलटीटी-रक्सौल सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन, दिनांक 16.01.2025 से 30.01.2025 तक (तीन ट्रिप) निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा की योजना बनाते समय रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा (NTES/139) का उपयोग कर गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करें।

## यूनिवर्सिटी परिसर में बाइक फिसलने से सिविल कांट्रेक्टर की मौत, मजदूर घायल

भोपाल (ए)। कटारा हिल्स थाना इलाके में स्थित सेज यूनिवर्सिटी परिसर में बाइक फिसलने से घायल सिविल कांट्रेक्टर की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई, वहीं बाइक पर पीछे बैठा मजदूर घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से महाराष्ट्र के रहने वाले बलराम सिंह ठाकुर (51) एनआरआई कॉलेज परिसर में रहते थे। एनआरआई कॉलेज में सिविल कांट्रेक्टर का काम करने वाले बलराम का बेटा हिमांशु ठाकुर सेज यूनिवर्सिटी परिसर में रहते हुए वहीं से बीबीए की पढ़ाई कर रहा है। बुधवार शाम बलराम ठाकुर अपने साथी रामकुमार को लेकर सेज यूनिवर्सिटी अपने बेटे से मिलने जा रहे थे। सेज यूनिवर्सिटी के गेट के अंदर जाने के बाद अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर स्लिप हो गई। हादसे में दोनो चलती बाइक सहित नीचे गिर गए। घटना में बलराम के सिर में जानलेवा चोट आई थी, जबकि रामकुमार मामूली रूप से घायल हुए थे। दोनों को इलाज के लिये निजी अस्पताल ले पहुंचाया गया जहाँ डॉक्टरो ने बलराम ठाकुर को शुरुआती चेकअप के बाद ही मृत घोषित कर दिया गया।

## वर्तमान में प्रदेश की कुल रिकार्ड विद्युत उत्पादन क्षमता के साथ आगे बढ़ता मध्यप्रदेश

भोपाल (आरएनएस) । प्रदेश हर बिजली उपभोक्ता को सतत एवं निर्वाध विद्युत आपूर्ति करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश पर्याप्त बिजली उपलब्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रदेश की रिकार्ड विद्युत उपलब्ध क्षमता 23 हजार 788 मेगावॉट है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल मार्गदर्शन में विभाग लगातार उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण भी कर रहा है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि दिसम्बर-2023 से नवंबर-2024 तक कुल 10136 करोड़ यूनिट बिजली दी गई, जो कि विगत वर्ष इस अवधि में प्रदाय की गई बिजली से 1.67 प्रतिशत अधिक है। गत 20 दिसम्बर को इतिहास में आज तक की सर्वाधिक 18913 मेगावॉट बिजली आपूर्ति सफलतापूर्वक की गई।

# महाकुंभ मेले के लिए नैनी स्टेशन पर गाड़ियों का अस्थायी ठहराव

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेले के अवसर पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज मंडल के नैनी स्टेशन पर भोपाल मंडल से गुजरने वाली निम्नलिखित गाड़ियों को अस्थायी रूप से 2 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है।

1. गाड़ी संख्या 22683 यशवंतपुर-लखनऊ एक्सप्रेस 13 जनवरी से 24 फरवरी 2025 (7 ट्रिप) तक नैनी स्टेशन पर 12:00 बजे आगमन और 12:02 बजे प्रस्थान करेगी।
2. गाड़ी संख्या 22684 लखनऊ-यशवंतपुर एक्सप्रेस 9 जनवरी से 27 फरवरी 2025 (8 ट्रिप) तक नैनी स्टेशन पर 01:08 बजे आगमन और 01:10 बजे प्रस्थान करेगी।
3. गाड़ी संख्या 22613 रामेश्वरम-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस 12 जनवरी से 23 फरवरी 2025 (7 ट्रिप) तक नैनी स्टेशन पर 21:38 बजे आगमन और 21:40 बजे प्रस्थान करेगी।




4. गाड़ी संख्या 22614 अयोध्या कैंट-रामेश्वरम एक्सप्रेस 15 जनवरी से 26 फरवरी 2025 (7 ट्रिप) तक नैनी स्टेशन पर 05:43 बजे आगमन और 05:45 बजे प्रस्थान करेगी।
5. गाड़ी संख्या 12669 पुरातची थलैवर डॉ. एम.जी. रामचन्द्रन (चेन्नई सेण्ट्रल)-छपरा जंक्शन एक्सप्रेस 11 जनवरी से 24 फरवरी 2025 (14 ट्रिप) तक नैनी स्टेशन पर 01:03 बजे आगमन और 01:05 बजे प्रस्थान करेगी।
6. गाड़ी संख्या 12670 छपरा जंक्शन-पुरातची थलैवर डॉ. एम.जी. रामचन्द्रन (चेन्नई सेण्ट्रल) एक्सप्रेस 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 (14 ट्रिप) तक नैनी स्टेशन पर 04:48 बजे आगमन और 04:50 बजे प्रस्थान करेगी।
7. गाड़ी संख्या 12539 यशवंतपुर-लखनऊ एक्सप्रेस 8 जनवरी से 26 फरवरी 2025 (8 ट्रिप) तक नैनी स्टेशन पर 04:13 बजे आगमन और 04:15 बजे प्रस्थान करेगी।
8. गाड़ी संख्या 12540 लखनऊ-यशवंतपुर एक्सप्रेस 10 जनवरी से 21 फरवरी 2025 (7 ट्रिप) तक नैनी स्टेशन पर 01:58 बजे आगमन और 02:00 बजे प्रस्थान करेगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा की योजना बनाते समय रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा (NTES/139) का उपयोग कर गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करें।

## सोशल मीडिया पर धार्मिक, सामाजिक, जातिगत भावनाओं को भड़काने का मैसेज करना पड़ेगा भारी

### -ऐसे मैसेज पर कमेंट, लाइक और शेयर या फॉरवर्ड भी नहीं करें वरना होगी कार्यवाही



भोपाल(ए)। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट किये जाने की शिकायते मिलने पर सामने आया है कि भोपाल शहर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर आदि के माध्यम से असामाजिक तत्वों के कई समूहों द्वारा सामाजिक ताने बाने को तोड़ने सहित दो समुदायों के बीच वैमनस्यता फैलाने के लिये तरह-तरह के आपत्तिजनक मैसैज, फोटो, वीडियो और ऑडियो मैसेज का प्रसारण किया जाता है। इसी तरह कई बार वायरल पोस्ट से लोगो को एक स्थान पर जमा होने और एक समुदाय के खिलाफ रजिंशाना माहौल बनाने के लिये मैसैज वायरल किये जाते है। ऐसी पोस्ट से कई बार शहर की शांति व्यवस्था बनाये रखना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। और कई बार तनाव के हालात भी बन जाते है। इस तरह के मैसैज से कई बार एडिटेड या टैंपरिगं किये गये फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने से आमजन की भावनाएं आहत होती है, जिसके कारण कई बार लोक व्यवस्था को खतरा उत्पन्न होने की स्थितियां भी बनी है। कई बार यह भी देखने में आया है की ऐसी पोस्ट से शहर की शांति व्यवस्था उतनी नहीं बिगड़ती जितनी उस पर आये कमेंटस या क्रॉस कमेंटस के कारण होत है। इस तरह के इंटरनेट सोशल मीडिया वॉर्स अभी भी सक्रिय हैं, जिनसे लोक व्यवस्था एवं सामाजिक शांति भंग हो सकती है। ऐसी संभावनाओं को देखते हुए सोशल मीडिया पर इस तरह की की आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालो के खिलाफ पुलिस आयुक्त, भोपाल हरिनारायणाचारी मिश्र, ने भारतीय नागरिक सुरक्षा स ?ंहिता 2023 की धारा-163 के तहत निम्न प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है।

## महाकुम्भ 2025 के लिए रेलवे स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा व्यवस्था




भोपाल (निप्र)। महाकुम्भ 2025 के दौरान भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की हैं। इन सुविधाओं में 2437 ऑब्जर्वेशन रूमों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। पिछले महाकुम्भ के दौरान 1 लाख श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गई थी, और इस बार रेलवे एक बड़ी संख्या में यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

**विशेष चिकित्सा सेवाएं**

महाकुम्भ के दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, नैनी जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन रूम्स में हमेशा डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे। यहां सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद होंगे, जिससे यात्रियों को त्वरित उपचार प्रदान किया जा सके।

**आधुनिक चिकित्सा उपकरण**

ऑब्जर्वेशन रूम और अन्य चिकित्सा केंद्रों में निम्नलिखित चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे:

ECG मशीन: हृदय संबंधित समस्याओं की त्वरित पहचान के लिए।

### स्टेशनों पर बनाए जा रहे ऑब्जरवेशन रूम

डिफ़िब्रिलेटर: दिल के रुकने पर उसे सामान्य करने के लिए।
ऑक्सीजन कन्सेन्ट्रेटर: ऑक्सीजन की कमी से निपटने के लिए।
ग्लूकोमीटर : रक्त शर्करा की माप करने के लिए, जो मधुमेह से प्रभावित लोगों के लिए जरूरी है।

**स्टेशन पर चिकित्सा स्टाफ की तैनाती**

प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, नैनी सहित प्रमुख स्टेशनों पर ऑब्जर्वेशन रूम्स स्थापित किए गए हैं, जहां निम्नलिखित स्टाफ तैनात रहेगा।

स्टाफ नर्स: 15
फार्मासिस्ट: 12
हॉस्पिटल अटेंडेंट (एचए): 12
हाउस कीपिंग असिस्टेंट (एचकेए): 15

इन कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए की गई है कि सभी शिफ्ट्स में चिकित्सा सेवाएं सुचारु रूप से चलती रहें। प्रत्येक शिफ्ट का समय 8 घंटे होगा। महाकुम्भ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर 2437 चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। जब भी किसी यात्री को चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होगी, तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही, रेलवे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से समन्वय बनाए रखेगा ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी मरीज को तुरंत रेफर किया जा सके। भारतीय रेलवे का उद्देश्य महाकुम्भ 2025 के आयोजन को सुरक्षित, स्वस्थ और यादगार बनाना है। रेलवे द्वारा की गई स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं को उच्चतम स्तर की चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी, जिससे उनकी यात्रा सुरक्षित और आरामदायक रहेगी। रेलवे प्रशासन ने सभी पहलुओं पर ध्यान दिया है और यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था की है।

## रेलवे जीएम ने वर्किंग टाइम टेबल का किया विमोचन

भोपाल (निप्र)। रेल परिचालन के सुचारु संचालन हेतु परिचालन विभाग द्वारा कार्यकारी समय सारिणी यानि वर्किंग टाइम टेबल जारी किया जाता है। ये वर्किंग टाइम टेबल सभी रेलवे स्टेशनों के स्टेशन मास्टर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, लोको इंस्पेक्टर, पीडब्लूआई, लेवल क्रॉसिंग एवं कंट्रोल ऑफिस के रेलकर्मचारियों के लिए उपयोगी है। इसमें सभी रेलगाड़ियों के समय-सारिणी एवं गति प्रतिबंध सहित परिचालन और रेलवे कार्यो से सबंधित अति महत्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध रहती है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मण्डलों में रेलवे स्टाफ के लिए रेल परिचालन हेतु कार्यकारी समय सारिणी (वर्किंग टाइम टेबल) जारी किया गया। बुधवार 01 जनवरी 2025 को पमरे मुख्यालय में वर्किंग टाइम टेबल का विमोचन श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के कर कमलों से किया गया। विमोचन अवसर पर प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक गुरिंदर मोहन सिंह, मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक विवेक कुमार, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (कोचिंग) नवनीत राज, वरिष्ठ परिवहन प्रबंधक (कोचिंग) ए. के. एस यादव, चीफ कण्ट्रोलर (टाइम टेबल) उपेंद्र प्रसाद, विवेक कुमार एवं परिचाल विभाग के रेलकर्मचारी उपस्थित थे।

## 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के पोस्टर का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन, आज करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन

### 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन आज

भोपाल (ए)। म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन) राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद् (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार) संयुक्त रूप से स्कूली छात्रों हेतु 31 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन दिनांक 03 से 06 जनवरी, 2025 को रविन्द्र भवन, भोपाल में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में वीर भारत न्यास एवं विज्ञान भारती भी परिषद की सहयोगी संस्था है। जिसमें पूरे देश के समस्त प्रदेशों से 700 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षकों के साथ ही गल्फं कॉपरेटिव कांउसिल के देश (बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान, कतर एवं सउदी अरब) के विद्यार्थी भी भाग लेंगे। उक्त कार्यक्रम भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रवर्तित है एवं आयोजन की थीम स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना (Understanding Ecosystem for health and Well - Being) है। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों पर तकनीकी सत्र, विभिन्न विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित होगी। उक्त कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों एवं छात्रों के मध्य प्रतिदिन फेस टू फेस संवाद भी आयोजित होगा। बाल विज्ञान कांग्रेस बच्चों में जिज्ञासा उत्पन्न करने, उनकी रचनात्मकता को उजागर करने एवं उनकी कल्पना को साकार करने का अवसर प्रदान करती है। इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य एवं सह विषय निम्नानुसार है -



विषय: स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना।

फोकल विषय को निम्नलिखित उप-विषयों में विभाजित किया गया है।

उप-विषय I: अपने पारिस्थितिकी तंत्र को जानें।

उप-विषय II: स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण को बढ़ावा देना।

उप-विषय III: पारिस्थितिकी तंत्र और स्वास्थ्य के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक प्रथाएँ।

उप-विषय IV: आत्मनिर्भरता के लिए पारिस्थितिकी तंत्र आधारित दृष्टिकोण (EBA)।

उप-विषय V: पारिस्थितिकी तंत्र और स्वास्थ्य के लिए तकनीकी नवाचार ।

उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार एवं प्रदेश के माननीय मंत्रीगण भी सम्मिलित होंगे । कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार डॉ अभय कारंदिकर, आई आई टी इंदौर के निदेशक डॉ सुहास जोशी, डॉ शिव कुमार शर्मा, अखिल भारतीय संगठन सचिव, विज्ञान भारती, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे सम्मिलित होंगे।

# लोगों की जान से खिलवाड़ मत करो, जहरीले कचरे का विरोध, सड़क पर उतरे संगठन




इंदौर (ए.)। आज भी जहरीले कैमिकल मौजूद हैं, कचरा इंदौर लाने में शेयर बाजार और सरकारों की भी भूमिका 2009 में सेंट्रल फार साइंस एंड एनवायरमेंट ने एक स्टडी की थी। यह स्टडी यूनियन कार्बाइड के बंद परिसर में हुई और इसका एनालिसिस हुआ। उन्होंने बताया कि वहां की जमीन में सभी खतरनाक कैमिकल आज भी उपस्थित हैं। मेरा मानना है कि कचरे में पहले से कौन से कैमिकल हैं और जलने के बाद कौन से कैमिकल निकलेंगे और गैसें निकलेंगी इसकी पूरी स्टडी होना चाहिए, इसके बाद ही उसे जलाना चाहिए। पहले यह कचरा गुजरात के अंकलेश्वर में जलने वाला था, गुजरात में कचरा जलने से पहले ही प्लांट जल गया। प्लांट फिर से बन सकता था, वहीं पर कचरा जलना था। इसे मप्र जाने की क्या जल्दी थी। कचरा जलाने वाली रामकी कंपनी और यूनियन कार्बाइड में अमेरिका का बहुत पैसा लगा है। इंदौर में कचरा जलाने में इन पहलुओं की भी जांच जरूरी है।

**- ओपी जोशी, पर्यावरणविद्**

इंदौर के अलावा कहीं भी ले जाएं

इंदौर में घनी आबादी है, भोपाल गैस कांड की यादें अब भी जहन में हैं। पहले यह गुजरात में जलने वाला था फिर इंदौर भेज दिया गया। इस पर फिर से विचार किया जाना चाहिए। प्रकृति और मानवता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होना चाहिए।

**- शिवाजी मोहिते, अभ्यास मंडल**

सुरक्षित तरीके से जलाया जा रहा कचरा, जनता और पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होगा

40 साल बाद उस कचरे में कुछ बचा नहीं है। कचरा जलाने वाली कंपनी पांच फिल्टर लगा रही है। 1200 डिग्री पर वह कचरा जलाया जाएगा। सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट उस मामले में पूरा ध्यान दे रही है। जहरीली गैस तो पहले ही पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। भोपाल का कचरा पीथमपुर में इसलिए लाए हैं क्योंकि रामकी कंपनी का प्लांट यहां पर है। इससे किसी को भी नुकसान नहीं होगा। यह भी सोचने वाली बात है कि भोपाल में जहां पर हादसा हुआ था वहां पर 70 एकड़ जमीन यूनियन कार्बाइड की है जिस पर 30 एकड़ जमीन पर कब्जा हो चुका है। 40 साल से वहां पर सैकड़ों लोग रह रहे हैं। वह सभी सुरक्षित हैं। पीथमपुर में कचरा जलाने की भी पूरी वैज्ञानिक प्रक्रिया है। कचरा जलने से निकलने वाली गैसों की जांच होगी। पूरी स्टडी के बाद धीरे धीरे 9 महीने में कचरा जलाएंगे।

**- डॉक्टर योगेंद्र व्यास, फाउंडर, सुपर चार्जर्स ग्रुप**

**विधायक और मंत्री करेंगे सीएम से बात**

पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और विधायक नीना वर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात करेंगे। वे कचरा जलाने के मामले में रिव्यू पिटिशन दायर करने की मांग करेंगे।

**जनप्रतिनिधियों से आज चर्चा होगी**

एआईसीटीएसएल में गुरुवार को दोपहर 3 बजे भोपाल की टीम ने इस मुद्दे पर जनता और जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आश्वासन दिया कि जनहित के विपरीत कोई फैसला नहीं लिया जाएगा।

**महापौर बोले पुनर्विचार हो**

इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि कोर्ट के आदेश के तहत कचरा पीथमपुर भेजा जा रहा है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कचरे को जलाने के फैसले पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

## इंदौर की रेत मंडी से हटाई पचास से ज्यादा अवैध दुकानें और ढाबे, वर्षों से था अवैध कब्जा



इंदौर (ए.)। इंदौर के राजेंद्र नगर क्षेत्र में रेत मंडी के आसपास से नगर निगम ने सुबह बड़ी अतिक्रमण विरोधी मुहिम को अंजाम दिया। यहां से 50 से ज्यादा दुकानें, ढाबे, अस्थाई शेड और पांच मकान तोड़े गए।

वर्षों से इंदौर विकास प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जे थे। जमीन का मामला कोर्ट में चल रहा था। कोर्ट से फैसला प्राधिकरण के पक्ष में आया और नगर निगम ने जमीन अतिक्रमण मुक्त कर प्राधिकरण को सौंपी। गुरुवार सुबह छह जेसीबी, डेढ़ सौ से ज्याद श्रमिक और दो पोकलेन मशीनों के साथ नगर निगम की रिमूवल गैंग ने रेत मंडी पर धावा बोला। अतिक्रमणकारी मुहिम का विरोध भी कर रहे थे,लेकिन भारी पुलिस बल होने के कारण मुहिम नहीं रुक सकी। अफसरों ने कहा कि अतिक्रमण कोर्ट का फैसला आने के बाद हटाए जा रहे है। रेत मंडी की यह जमीन प्राधिकरण की स्कीम 97 पार्ट-4 का हिस्सा है। स्कीम लागू होने से पहले यह कब्जे जमीन पर थे। अतिक्रमण होने के कारण प्राधिकरण जमीन का उपयोग नहीं कर पा रहा था। इस मामले में कोर्ट में केस चल रहा था। कोर्ट में प्राधिकरण ने पक्ष रखा और कहा कि विधिवत रुप से जमीन अधिगृहित की गई है और जमीन मालिकों को तय मुआवजा भी दिया गया।

## मोबाइल दुकान में सेंध मारकर चोरी की वारदात, कीमती मोबाइल एवं नगद रुपये लेकर चोर हुए फरार



शहडोल (ए.)। शहडोल में मोबाइल दुकान में पीछे से सेंध मारकर चोरी की वारदात हुई है। दुकान के अंदर रखे कीमती मोबाइल एवं नगद रुपये लेकर चोर फरार हो गए हैं। दुकान मालिक जब सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो उसकी दुकान का सामान बिखरा पड़ा था। पीछे की ओर जब दुकान मालिक की नजर पड़ी तो दीवार के पीछे बड़ा सा गड्ढा था, जिससे यह पता लग पाया कि सेंध मारकर अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया है। घटना जैतपुर थाना क्षेत्र के खामीडोल में बीती रात्रि हुई हैं।

## ठंड बढ़ते ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप, बच्चों को हो रहा विंटर डायरिया; कैसे बचेज्जानें डॉक्टर की सलाह



शहडोल (ए.)। शहडोल जिले में शीतलहर का प्रकोप है। धूप से लोगों को किसी भी तरह की राहत नहीं मिल पा रही है। मौसमी बीमारियों के चलते अस्पतालों के बेड भरे हुए हैं। इस मौसम में खासकर बच्चों को डायरिया की दिक्कत हो रही है। जिससे बचाव के तरीके डॉक्टर ने बताएं है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी ठंड से बच्चों और बुजुर्गों को बचाना काफी जरूरी है। जिले का तापमान 6 डिग्री तक पहुंच गया है। बीते कुछ दिनों पहले जिले में बारिश हुई थी, जिसके बाद मौसम खुला, सूरज ने दर्शन दिए, धूप भी लगातार निकल रही है, लेकिन शीतलहर की वजह से धूप का कोई ज्यादा असर लोगों पर नहीं पड़ पा रहा है। ऐसे मौसम में बच्चे और बुजुर्ग अधिक बीमार हो रहे हैं।

## 24 घंटे से लापता हैं एमपीपीएससी आंदोलन के लीडर्स, छात्र फिर शुरु करेंगे आंदोलन

इंदौर (ए.)। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीएससी) द्वारा 2025 के लिए जारी नोटिफिकेशन के बाद केवल 158 पदों की घोषणा होने से विवाद गहराता जा रहा है। इस निर्णय के खिलाफ पहले से नाराज युवाओं में रोष और बढ़ गया है। हाल ही में हुए आंदोलन के प्रमुख और एनईवाययू के संयोजक राधे जाट और रणजीत किशानवंशी को पुलिस द्वारा ले जाने की सूचना है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कौन सी पुलिस ले गई है। घरवाले और दोस्त भी उनकी स्थिति से अनजान हैं।

दोनों की गिरफ्तारी की घटनाओं को लेकर उनके दोस्तों ने बताया कि सुबह राधे जाट को उनके तीन इमली स्थित निवास से पुलिस लेकर गई, जबकि रणजीत किशानवंशी को भंवरकुआं क्षेत्र में एक मित्र के फ्लैट से ले जाया गया।

## कृषि मंडी में गल्ला व्यापारी अध्यक्ष का रास्ता रोक अभद्रता, कारोबारियों ने दी मंडी बंद करने की चेतावनी



दमोह (ए.)। दमोह जिले की कृषि उपज मंडी में गुरुवार दोपहर गल्ला व्यापारी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र बजाज के साथ असामाजिक तत्वों ने अभद्रता की। खरीदारी के दौरान रास्ता रोककर बदमाशों ने उन्हें परेशान किया। घटना के बाद अन्य व्यापारी एकत्र हुए और कुछ समय के लिए डाक बंद कर दी। मंडी प्रशासन और सागर नाका पुलिस को सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बदमाश भाग चुके थे।

व्यापारियों में आक्रोश, असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग

नरेंद्र बजाज ने बताया कि मंडी में लंबे समय से असामाजिक तत्व सक्रिय हैं। वे शराबखोरी करते हैं, किसानों को परेशान करते हैं, अनाज की चोरी करते हैं, और अब व्यापारियों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की शिकायत मंडी प्रशासन और जिला प्रशासन से कई बार की गई, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिस असामाजिक तत्वों को पकड़ती है, लेकिन वे जल्द ही छूटकर वापस आ जाते हैं और अपनी गतिविधियां फिर शुरू कर देते हैं।

# नए साल की रात चार सड़क हादसे, एक की सांसे थमी; चार की हालत गंभीर सभी जबलपुर रेफर



दमोह (ए.)। एक और जहां सभी लोग नए वर्ष की खुशियां मना रहे थे। वहीं दूसरी ओर बुधवार रात तेंदूखेड़ा ब्लाक में चार सड़क हादसे घटित हो गए और एक के बाद एक घायल सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचे। इन सड़क हादसों में चार लोगों की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया। वहीं एक युवक की मौत हो गई। मृतक के शव का गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया।

**पिता-पुत्री और पुत्र जबलपुर रेफर**

पहला घटनाक्रम तेजगढ़ थाने की सीमा में दमोह मार्ग पर हुआ। यहां बाइक सवार पिता, पुत्र और पुत्री को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायलों को तेंदूखेड़ा समुदायक स्वस्थ केंद्र लाया गया। घटना सांगा के समीप जंगली क्षेत्र में हुई है। घटना में घायल हल्ले पिता नंदू रजक अपने पुत्र जितेंद्र 21 और पुत्री भूरी 17 के साथ पतलोनी गये थे। वहां से शाम के समय अपने गृह ग्राम खमरियाकला वापस आ रहे थे। उसी समय अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी और तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद राहगीरों ने 108 की मदद से उन्हें स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां प्रथमिक उपचार के बाद तीनों को जबलपुर रेफर किया गया।

**ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत**

दूसरी घटना तेंदूखेड़ा थाना के तारादेही मार्ग पर हुई। जहां ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। घटना की जानकारी बादीपूरा निवासी मंजीत सिंह ठाकुर ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक के शव को तेंदूखेड़ा लाया गया। टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर और बाइक को पुलिस द्वारा जब्त किया गया। मृतक के भाई दुर्गेश अहिरवार निवासी कोटखेड़ा ने बताया कि उसका भाई संजू पिता मुन्ना अहिरवार 23 श्राद्ध में शामिल होने तेंदूखेड़ा आया था। शाम के समय वापस घर आ रहा था, उसी समय उसको ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिसमें संजू की मौके पर मौत हो गई।

## बहन को छेड़ा तो प्राइवेट पार्ट काटकर की हत्या, आठ माह बाद हुआ मामले का खुलासा

रीवा (ए.)। रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में 21 अप्रैल को खैरा बस्ती के हीरालाल कोल का शव सांची पार्लर के पास सड़क किनारे मिला था। हत्यारे ने बड़ी बेरहमी से हीरालाल कोल को मारा था। पोस्टमार्टम में पता चला कि हत्यारे ने हीरालाल कोल का ना केवल गला रेता था, बल्कि प्राइवेट पार्ट को भी काट दिया था।

जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात हत्यारे पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। 8 माह बाद पुलिस को सफलता हाथ लगी। पुलिस ने 19 साल के कृष्णा उर्फ छोटू विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की, जिसके बाद आखिरकार कृष्णा ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। कृष्णा ने पुलिस को बताया कि हीरालाल कोल उसके साथ प्लंबर का काम करता था।

एक दिन उसकी बहन उससे मिलने आई तो हीरालाल कोल ने उससे छेड़छाड़ की। इसके बाद से उसने हीरालाल की हत्या करने की सोच ली। 20 अप्रैल को कृष्णा ने हीरालाल कोल को शराब पिलाई और जब वह नशे में डूब गया तो चाकू मारकर हत्या कर दी। इतना



ही नहीं हत्या के बाद उसके प्राइवेट पार्ट भी काट दिए थे। पुलिस ने बताया कि हीरालाल कोल कृष्णा का हेल्पर था। काम के साथ एक साथ बैठकर दोनों शराब पीते थे। बहन से छेड़छाड़ होने पर कृष्णा उससे रंजिश करने लगा और उसी के चलते उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद से पुलिस लगातार सुराग जुटा रही थी। मुखबिर से 8 माह बाद आरोपी का राज पता लगा और आरोपी पुलिस के चंगुल में फंस गया।

## व्यापार समाचार

# सोना 330 रुपये बढ़कर 79720 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी 130 रुपये मजबूत हुई

नई दिल्ली (ए.)। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की लगातार खरीदारी से दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को सोने का भाव 330 रुपये बढ़कर 79,720 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। बुधवार को यह बहुमूल्य धातु 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी भी इस दौरान 130 रुपये बढ़कर 90,630 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 90,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 330 रुपए बढ़कर 79,170 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि इससे पहले इसका भाव 78,840 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

व्यापारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी से सर्राफा कीमतों को मदद मिली। इस बीच, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी सोना अनुबंध की कीमत 205 रुपये यानी 0.27



प्रतिशत बढ़कर 77,098 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी।

**रुपये में कमजोरी से सोने की तेजी को मिला बढ़ावा**

घरेलू बाजार में सोने की सकारात्मक तेजी 77,300 रुपये के स्तर को पार कर गई, जिसे कॉमेक्स सोने के 2,640 डॉलर से ऊपर बने रहने से समर्थन मिला। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी एवं करेंसी) जतिन त्रिवेदी ने कहा, "रुपये की कमजोरी से इस तेजी को और बढ़ावा मिला है। अंतरराष्ट्रीय मजबूती और मुद्रा गतिशीलता के संयोजन ने सोने के लिए तेजी की भावना को मजबूत किया है।" कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी वायदा भाव 859 रुपये यानी 0.98 प्रतिशत बढ़कर 88,437 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। विदेशी बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 8.50 डॉलर प्रति औंस या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 2,649.50 डॉलर प्रति औंस हो गया।

**2025 के पहले दो दिन सोने की कीमतों में दिखा सकारात्मक रुझान**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, "नए साल की छुट्टियों के बाद पिछले साल की तेजी के रुझान को जारी रखते हुए, हाजिर सोने ने 2025 के पहले दिन सकारात्मक कारोबार करना शुरू कर दिया।"

## कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण एफएमसीजी कंपनियों पर दबाव, कीमतों पर पड़ सकता है असर




मुंबई (ए.)। दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियां (एफएमसीजी) कच्चे माल की बढ़ती कीमतों की वजह से अपने मार्जिन पर दबाव देख रही है। इससे पहले भी पाम तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से कंपनियों ने साबून और पर्सनल केयर उत्पादों के दाम में वृद्धि की थी। वर्तमान समय में भी गेंहू, खाद्य तेल और डेयरी उत्पादों के दाम बढ़ने की वजह से कंपनियों पर दाम बढ़ाने का दबाव बढ़ रहा है। नए साल में उपभोक्ताओं को बिस्कुट सहित कुछ अन्य चीजों के अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है। रिसर्च कंपनी कैंटर की एक रिपोर्ट के अनुसार शहरी क्षेत्र में खाद्य महंगाई दर 11.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो पिछले 15 महीने में सबसे अधिक है और इसका असर एफएमसीजी कंपनियों पर पड़ा है। साल 2025 की पहली छमाही में एफएमसीजी कंपनियों की वृद्धि धीमी रहने की संभावना है।

**खाद्य पदार्थों की कीमतों पर आगे भी दिख सकता है दबाव**

एक्सिस सिक्योरिटीज के विशेषज्ञ का कहना है कि भविष्य में खाद्य मुद्रास्फीति में कमी आने के कोई संकेत नहीं। जिसका सीधा असर कंपनियों के साथ उपभोक्ताओं पर भी पड़ेगा। रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों को अभी तक कम नहीं किया है जिसकी वजह से वस्तुओं की लागत और इनपुट लागत में बढ़ी हुई है। देखा जाए तो ब्याज दर में कमी करने के बाद इसका चक्र दो तिमाहियों या तीन तिमाहियों के बाद देखने को मिलता है। जिससे कीमतों में गिरावट होती है।

## वित्त मंत्री वित्तीय-पूंजी बाजार के हितधारकों से मिलीं, बजट पूर्व सातवीं परामर्श बैठक का




नई दिल्ली (ए.)। वित्त मंत्रालय हर साल बजट से पहले विशेषज्ञों, उद्योग जगत के नेताओं, अर्थशास्त्रियों और राज्य के अधिकारियों के साथ कई परामर्श बैठकें आयोजित करता है। अगले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक बजट तैयार करने की औपचारिक कवायद शुरू हो चुकी है। इस बीच वित्त मंत्री ने वित्तीय और पूंजी बाजार के हितधारकों से मुलाकात की है। आइए इस बारे में और जानें।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को बजट पूर्व परामर्श बैठक की श्रृंखला के तहत वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के हितधारकों से मुलाकात की। बैठक में वित्त सचिव, दीपम सचिव और आर्थिक मामलों के विभाग व वित्तीय सेवा विभाग के सचिव भी मौजूद रहे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इस बैठक में शामिल हुए। यह बजट पूर्व परामर्श बैठक की श्रृंखला में सातवीं बैठक थी।

वित्त मंत्रालय हर साल बजट से पहले विशेषज्ञों, उद्योग जगत के नेताओं, अर्थशास्त्रियों और राज्य के अधिकारियों के साथ कई परामर्श बैठकें आयोजित करता है। अगले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक बजट तैयार करने की औपचारिक कवायद शुरू हो चुकी है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अब तक एमएसएमई, किसान संघों और अर्थशास्त्रियों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ कई बैठकें कर चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पिछले सप्ताह नीति आयोग परिसर में केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारी के लिए प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और विचारकों के एक समूह के साथ बातचीत की थी। परंपरा के अनुसार, 2025-26 का बजट 1 फरवरी, 2025 को पेश किया जाएगा।

2025-26 का बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आठवां बजट होगा। सभी की निगाहें प्रमुख घोषणाओं और मोदी 3.0 के शेष कार्यकाल के लिए सरकार के दूरदर्शी आर्थिक मार्गदर्शन पर होंगी। यह बजट कमजोर जीडीपी आंकड़ों और अर्थव्यवस्था में कमजोर खपत की पृष्ठभूमि पेश किया जाना है।

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था वास्तविक रूप से 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। तिमाही वृद्धि आरबीआई के 7 प्रतिशत के पूर्वानुमान से काफी कम रही। अप्रैल-जून तिमाही में भी भारत की जीडीपी अपने केंद्रीय बैंक के अनुमान से धीमी गति से बढ़ी थी।

रिजर्व बैंक ने अपनी नवीनतम मौद्रिक नीति में 2024-25 के लिए भारत के विकास पूर्वानुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इस साल की शुरुआत में संसद में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में 2024-25 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर को रूढ़वादी रूप से 6.5-7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया गया था। उस दौरान यह भी कहा गया था कि बाजार की उम्मीदें अधिक हैं। वास्तविक जीडीपी वृद्धि मुद्रास्फीति से समायोजित आर्थिक वृद्धि है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के उच्च आवृत्ति संकेतक बताते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था जुलाई-सितंबर में देखी गई मंदी से उबर रही है। इसका कारण मजबूत त्योहारी गतिविधि और ग्रामीण मांग में निरंतर वृद्धि है। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने हाल ही में अपने मासिक बुलेटिन में बताया कि 2023-24 के दौरान भारत की जीडीपी में 8.2 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दिखी यह सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रही। 2022-23 में अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत और 2021-22 में 8.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## नई सहमति ज्यादा अहम

मानव सरोवर की यात्रा फिर शुरू करने और द्विपक्षीय व्यापार सुगम बनाने संबंधी सहमतियां डोवाल- वांग वार्ता का व्यावहारिक नतीजा हैं। दूरगामी नजरिए से सीमा विवाद के हल पर 2005 में तय हुईं राजनीतिक कसौटियों पर नई सहमति ज्यादा अहम है। भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच सीमा विवाद के निपटारे पर बीजिंग में हुई वार्ता का सार यह है कि चार साल तक तनावपूर्ण रहने के बाद दोनों का रिश्ता अब पटरी पर लौट रहा है। भारतीय प्रतिनिधि अजित डोवाल और चीनी प्रतिनिधि वांग यी की वार्ता में, चीनी विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति के मुताबिक, छह सूत्री सहमति बनी। भारतीय विज्ञप्ति में उन छह सूत्रों का स्पष्ट उल्लेख तो नहीं है, लेकिन कहा गया है कि दोनों विशेष प्रतिनिधियों ने आपसी रिश्ते को सकारात्मक दिशा प्रदान की है। तिब्बत के रास्ते से मानव सरोवर की यात्रा फिर शुरू करने और द्विपक्षीय व्यापार को सुगम बनाने संबंधी सहमतियां इस वार्ता का व्यावहारिक नतीजा हैं। मगर दूरगामी लिहाज से सीमा विवाद हल करने के लिए 2005 में दोनों देशों के बीच तय हुईं राजनीतिक कसौटियों पर नई सहमति ज्यादा अहम है।1988 से 2005 तक भारत- चीन संबंध सकारात्मक दिशा में थे। उसी क्रम में 2005 में बनी सहमति को एक बड़ी कामयाबी माना गया था। डोवाल- वांग वार्ता में इस पर भी जोर दिया गया कि सीमा विवाद का हल पैकेज के रूप में होगा। यानी पूरब में अरुणाचल और पश्चिम में लद्दाख सीमाओं पर जो मतभेद हैं, उन पर एकमुश्त सहमति बनाई जाएगी। हर समाधान का आधार लेन-देन की भावना होती है। दोनों देश अगर इस भावना पर रजामंद हो रहे हों, तो आशा की जा सकती है कि इस लंबे विवाद का हल निकल आएगा। बहरहाल, इस रास्ते में अनेक दिक्कतें हैं। दोनों देशों की अंदरूनी राजनीतिक प्रक्रिया और अंतरराष्ट्रीय पहलुओं का साया भारत-चीन संबंधों पर पड़ता रहा है। इसके अलावा यह देखना होगा कि क्या सचमुच अब नए सिरे से उभर रही सहमतियों पर चीन कायम रहता है। भारत में अक्सर यह संदेह रहा है कि ऐसी सहमतियों का इस्तेमाल चीन सीमा के करीब अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए करता है। वैसे चीन से बेहतर रिश्ता दोनों देशों की आर्थिक जरूरत है, जैसाकि इस वर्ष संसद में पेश हुए आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया था। इसलिए फिलहाल चीजें पटरी पर लौट रही हैं, तो उसे एक सकारात्मक घटनाक्रम कहा जाएगा।

# भारत को सचमुच एक खुशियों भरे भविष्य की ओर ले गए डॉ. मनमोहन सिंह

**श्रुति व्यास**

सिर्फ दस साल पहले की बात है, मगर मानों ज़माना गुजर् गया हो। दस साल पहले भारत भूखा था नए विजन, नई दृष्टि का। हर कोई तरक्की और अच्छे दिनों के लिए फडफडाता हुआ था। दस साल पहले लग रहा था, सबकी फील थी, भारत बढ़ रहा है। भारतीय आगे बढ़ रहे हैं।

### आज, लफ्फाजी और प्रोपेगेंडा है

मैं, सन् 2007 में, स्काटलैंड में सेंट एंड्रयूज विश्वविद्यालय में पढ़ती थी। भारत की राजनीति की न सुध थी और न ज्यादा जानकारी। पतझड़ के आखिरी दिनों की एक सर्द दोपहर में, मैं, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर अपनी टुटोरिअल क्लास शुरू होने का इंतजार कर रही थी। विश्वविद्यालय की इमारत खामोश थी, मानों आराम कर रही हो। सभी लोग लंच के लिए गए हुए थे। मैं लंच और सुकून चैन के मूड में थोड़ी जल्दी वापस पहुंच गई। मेरे अलावा वहां एक और व्यक्ति था, जो अपने कपड़ों से खांटी अमीर,कुलीन अंग्रेज लग रहा था। लेकिन वह था एक मेक्सिकन रईसजादा जो स्विटजरलैंड में रहता था। दुआ-सलाम के बाद हम आमने-सामने बैठ गए और मैं खाना शुरू करने ही वाली थी कि उसने मेरे पर सवाल दागा, क्या तुम्हे इंडियन होने पर गर्व है? मैंने हैरानी और नाराजगी से उसे देखा। वह मेरे चैन, इतमीनान से पैनिनी इम्बोटिटो के स्वाद में खलल थी। वो आंखे फैलाकर लगातार मुझे घूर रहा था। मेरा जवाब जानने को बेताब था। मैंने अपना सैंडविच लपेटते हुए उसकी ओर देखा और बेलौस जवाब दिया, हां, बिलकुल है। लेकिन वो मेरे जवाब से न तो खुश हुआ और ना उसे उस पर भरोसा हुआ। उसने दुबारा पूछा, क्या वाकई तुम्हे गर्व है? (क्या आप सचमुच?) मैंने उसकी ओर सवाल उछाला, क्या तुम्हे अपने मेक्सिकन होने पर गर्व नहीं है। उसने तपाक से कहा नहीं। मैंने हैरानी से उसकी ओर देखा। मैं सोच रही थी कि किसी को अपने देश से प्यार न हो, भला ऐसा कैसे संभव है!

वह भी शायद मेरी ओर देखते हुए सोच रहा था कि इसका उलट कैसे संभव है। इसके पहले कि चर्चा आगे बढ़ती, छात्रों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया। हम दोनों अपने-अपने समूहों से घिर गए और



बातचीत यहीं समाप्त हो गई। इसके बाद कभी वह अधूरी चर्चा पूरी न हो सकी।

लेकिन मेरे मन में हमेशा सवाल कौंधता रहा कि उसके मन में ऐसा सवाल क्यों आया?

जब मैं स्काटलैंड गई थी तब भारत द्रुत गति से फल-फूल रहा था जबकि ब्रिटेन मंदी में डूब-उतर रहा था। जैसा कि मैंने विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदनों में 'अपने वक्तव्य' में कहा था, भारत बदलाव के कगार और सबसे तेजी से बढने वाली अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इसमें तब संदेह की कोई गुंजाइश नहीं थी। हमारा शेयर बाजार तेजी से बढ़ रहा था, व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग हो रहे थे, लोकतंत्र जिंदा था और माहौल उत्साहपूर्ण था। विकसित देशों में रह रहे मेरे मित्र कहते थे, कम से कम तुम्हारे पास तो वापस जाने का विकल्प है ही। भारत में आसानी से तुम्हे काम मिल जाएगा। मैं गर्वित और अच्छा फील करती थी। भारत बदल रहा था और हरेक व्यक्ति इसे देख और महसूस कर सकता था।

जब मैं बड़ी हो रही थी तब भी मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि ऐसी कोई चीज है जो मैं खो रही हूं, जो मेरे पास नहीं है। निश्चित तौर पर कुछ नियम-कानून और प्रतिबंध थे, जिनका पालन हमें करना पड़ता था। मगर जिंदगी इतनी बुरी भी नहीं थी। एक बच्ची बतौर मेरा जीवन उदास नहीं था। हम रोज एक घंटे कम्प्यूटर का इस्तेमाल कर सकते थे और शाम को केबिल टीवी देख सकते थे, हमें स्कूल ले जाने के लिए कार थी और समय-समय पर हमें नए आधुनिक खिलौने और गेम मिल जाते थे। ये सभी उस समय भारत में आसानी से उपलब्ध थे। हम लोगों को सिनेमा भी ले जाया जाता था और छुट्टियों में हम शहर के बाहर भी जाते थे।आज जब मैं पीछे मुड़कर उस दौर को याद करती हूं तो मुझे लगता है कि हमारा बचपन खुशनुमा इसलिए था क्योंकि उस दौर में भारत और भारतीय दोनों खुश थे, फालतू की चिंताएं नहीं थी। सब आगे बढ़ रहे थे।

और तब उस समय, उसके पीछे थे डॉ. मनमोहन सिंह। मुझे सन् 2004 की धुंधली यादें हैं जब सुषमा स्वराज ने एक बड़ा तमाशा किया था। उन्होंने धमकी दी थी कि अगर सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बनी तो वे अपना सिर मुंडवा कर सन्यासिन बन जाएंगीं। मुझे यह भी याद है कि किस तरह सोनिया गांधी ने विपक्ष के भारी शोर-शराबे के बीच यह सिद्ध किया था कि उनका कद उन सबसे ऊंचा है। उन्होंने साफ़ कहा कि वे प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहतीं और यह जिम्मेदारी उन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह को सौंपने की घोषणा भी की। इस एक्सीडेंटल प्राईम मिनिस्टर ने उसी दिन कहा था कि हम भविष्य को खुशियों से भर देंगे और यही हुआ भी। प्रधानमंत्री बतौर वे भारत को सचमुच एक खुशियों भरे भविष्य की ओर ले गए। दुनिया में तब भारत पर विश्वास था।

सन् 1991 में उन्होने जो बीज बोए थे उनकी फसल काटने का वक्त आ चुका था। सन् 2004 से लेकर 2014 तक प्रधानमंत्री बतौर अपने कार्यकाल में उन्होंने भारत को आधुनिकता और समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ाया। उसे पहले से ज्यादा शक्तिशाली बनाने में भी योगदान दिया। उनके कार्यकाल में अर्थव्यवस्था नौ प्रतिशत की गति से बढ़ी। इतना ही नहीं भारत को लंबे समय बाद अंतर्राष्ट्रीय मंच पर रुतबा हासिल हुआ। उन्होंने अमेरिका के साथ ऐतिहासिक परमाणु संधि की। आईटी सेवाओं के निर्यात के कारण देश में ढ़ेर सारे डालर आ रहे थे। 1991 के मध्य में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार करीब एक अरब डालर का था। उनके कार्यकाल की समाप्ति के समय इस भंडार में 280 अरब डालर थे और अब उसके करीब दो गुना हैं। भारत शाईन कर रहा था और भारतीयों के चेहरों पर भी चमक थी - भारत में भी और विदेश में भी।

हमारे साथ कहीं दोयम दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार नहीं होता था। हमें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। देश जिस तेज गति से आगे बढ़ रहा था उसे भी दुनिया प्रशंसा की निगाह से देख रही थी। हम चीन से मुकाबिल थे और विकसित देशों के क्लब की सदस्यता हासिल करने की ओर बढ़ रहे थे। आर्थिक मामलों की डॉ मनमोहन सिंह की समझ और उनकी बृद्धिमत्ता ने उन्हें पूरी दुनिया में सम्मान का पात्र बनाया था। देश में एक तरह का चैन और सुकून था। सबको पता था कि शीर्ष पर बैठा आदमी समाज को बांटने वाला नहीं है, वह लोगों को आपस में लड़ाना नहीं चाहता और उसके राज में किसी को भी असुरक्षित महसूस करने की जरूरत नहीं है।उन दिनों मैं भारतीय राजनीति से दूर थी परंतु मुझे यह जरूर याद है कि उस दौर की राजनीति परिपक्व थी, अर्थपूर्ण थी और काफी तक विचारधारा पर आधारित थी। दिल्ली संकीर्ण सोच वाले बेईमान राजनीतिज्ञों से भरी नहीं थी और ना ही राजनीति का उद्धेश्य केवल अपनी भलाई करना था। संसद में भी एक तरह का खुलापन था। सरकार अपनी आलोचना सुनने को तैयार थी - चाहे वह आलोचना विपक्ष कर रहा हो या प्रेस। संसद में शेरो-शायरी होती थी और असहमतियां, सहमतियों में और सहमतियां, असहमतियों में बदलती रहतीं थीं।



(रायपुर-जगदलपुर) मुख्यमंत्रीविष्णु देव साय बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर के समीप ग्राम कंगोली में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय के भूमिपूजन समारोह में शामिल हुए।

# विपक्ष को भी वाक्य की गांठ बांधनी होगी कि बंटोंगे तो कटोगे'

**अजीत द्विवेदी**

दुनिया भर में अंग्रेजी शब्दकोष के लिए वर्ष के शब्द चुने जाते हैं। जैसे ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने ब्रेन रॉट' को वर्ष का शब्द चुना है।

जब से इसे वर्ष का शब्द चुना गया है, इसके बारे में जानने के लिए करोड़ों लोगों ने इसे सर्च किया। भले ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने इसे वर्ष 2024 का शब्द चुना लेकिन असल में यह शब्द समकालीन समय की वास्तविकताओं का प्रतीक शब्द है। जिस तरह से सोशल मीडिया का कंटेंट देखने पर अरबों घंटे बरबाद हो रहे हैं उससे औसत दिमाग सड़ जाने की स्थिति में ही पहुंच गया है। ब्रेन रॉट' यानी दिमागी सड़ांध ही वह कारण है, जिसकी वजह से निहित स्वार्थों द्वारा मिसइन्फॉर्मेशन और डिसइन्फॉर्मनेशन कैम्पेन चला कर लोगों के दिमाग को आसानी से प्रभावित किया जा रहा है।मरियम वेबस्टर डिक्शनरी ने वर्ष 2024 के लिए पोलराइजेशन' को वर्ष का शब्द चुना है। उसने वैसे तो अमेरिका के राष्ट्रपति के चुनाव में नस्ल के आधार पर हुए ध्रुवीकरण की वजह से इसे वर्ष का शब्द चुना हैलेकिन कहने की जरुरत नहीं है कि भारत के चुनाव और रोजमर्रा की राजनीति के लिहाज से भी यह बहुत उपयुक्त शब्द है। कह सकते हैं कि मरियम वेबस्टर डिक्शनरी का इस वर्ष का शब्द भारत की पिछले कई वर्षों की राजनीतिक हकीकत को प्रकट करने वाला है। ऐसे ही कैम्ब्रिज डिक्शनरी ने मैनिफेस्ट' को वर्ष का शब्द चुना है। यह भारत की वास्तविकताओं के लिए यह थोड़ा अनजाना शब्द है क्योंकि यहां कुछ भी मैनिफेस्टेड नहीं होता है यानी बहुत योजनाबद्ध तरीके से सब कुछ तय करके कुछ नहीं किया जाता है।यहां ज्यादातर चीजें भगवान भरोसे होती हैं। इस सनातन मान्यता को तुलसीदास ने होइहे सोई जो राम रचि राखा' के दोहे से प्रतीकित किया है। कह सकते हैं कि यहां लोगों का जीवन और कामकाज नियति की मैनिफेस्ट' करती है। दुनिया में वर्ष के शब्दों की तलाश के बारे में पढ़ते हुए मन में यह सवाल उठा कि इस वर्ष भारत में कौन सा शब्द या कौन सी बात ऐसी है, जिसे वर्ष की बात कह सकते है? तीन शब्दों से बना यह जुमला कि बंटोंगे तो कटोगे', वर्ष 2024 की भारत की बात है। यह जुमला एक खास संदर्भ में कहा गया है। इसके जरिए देश के हिंदुओं से आह्वान किया गया है कि उन्हें एकजुट रहना है ताकि उनके चिन्हित दुश्मन' यानी मुसलमान उनको काट नहीं सकें।

इस शाब्दिक अर्थ से अलग इसका भावार्थ यह है कि, भाजपा को वोट दें'। परंतु इस शब्दार्थ और भावार्थ से अलग यह जुमला कई और अर्थ प्रतीकित करने वाला है।इसका इस्तेमाल मजाक में ही सही लेकिन बहुत सारी चीजों के लिए होने लगा है। यहां तक कि दोस्तों के बीच सहज भाव से यह जुमला बोला जा रहा है तो परिवारों में भी एकजुटता की जरुरत बताने के लिए इस जुमले का इस्तेमाल हो रहा है।कह सकते हैं कि अर्थ और अभिप्राय दोनों दृष्टि से यह जुमला निर्धारित सीमाओं को तोड़ कर आगे बढ़ गया है। इस जुमले का एक राजनीतिक पाठ तो वह है, जिसे भावार्थ के रूप में ऊपर बताया गया है लेकिन उससे अलग इसका दूसरा पाठ देश की विपक्षी पार्टियों के लिए खास संदेश के रूप में है। वर्ष 2024 में विपक्ष की राजनीति व्यापक एकजुटता के साथ शुरू हुई थी। उस समय तक यह जुमला बोला नहीं गया था। लेकिन विपक्ष ने समझ लिया था कि एक रहेंगे तभी सेफ रहेंगे'। दस साल के नरेंद्र मोदी के शासन और भाजपा की राजनीति ने उन्हें यह सीख दी थी कि वे एक हो जाएं और मिल कर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ें।अगर अवधारणा के स्तर पर देखें तो इसमें नयापन नहीं था। आखिर 1977 में भी विपक्ष ने एकजुट होकर इंदिरा गांधी को हराया था या 1989 में भी एकजुट विपक्ष ने राजीव गांधी को सत्ता से बाहर किया था। परंतु ऐसा लग रहा है कि विपक्ष इस राजनीतिक सबक को भूल चुका था। 2014 के बाद 10 सालों में जिस तरह की राजनीति हुई और उसके जो परिणाम आए उसने विपक्षी पार्टियों को फिर से एकजुट किया। इस एकजुटता को परिभाषित करने लिए साल के जाते जाते तक सूत्र वाक्य भी मिल गया कि बंटोंगे तो कटोगे'!

सवाल है कि क्या विपक्ष इस सूत्र वाक्य के मुताबिक काम करने को तैयार है या अपनी आत्मघाती आस्था में बंट कर बिखरने और कटने के लिए तैयार है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी तो इस जुमले के हिसाब से काम करने को तैयार है। हर राज्य में किसी न किसी रूप में यह जुमला बोला जा रहा है। यहां तक कि राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने भी इस जुमले के साथ होने वाली राजनीति पर सैद्धांतिक मुहर लगा दी है। भाजपा की सहयोगी पार्टियों में भी एकाध अपवाद को छोड़ कर सबने कमोबेश इसे स्वीकार कर लिया है। बंटोंगे तो कटोगे' जुमले का अर्थ वेबस्टर डिक्शनरी के ध्रुवीकरण' शब्द से ज्यादा व्यापक है। ध्रुवीकरण वक्ती होता है। वह थोड़े समय के लिए होता है।

# आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी इम्पोर्टेन्ट काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपके घर मेहमान आ सकते हैं, जिनसे मिलकर आपको काफी अच्छा लगेगा। इस राशि की जिन महिलाओं को ऑनलाइन बिजनेस स्टार्ट करना है उनके लिए आज अच्छे योग बन रहे हैं। आज आपका काफी दिनों से सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनाएंगे। माताएं अपने बच्चों को कुछ अच्छा बनाकर खिलाएंगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस करती हैं उनके लिए लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं। छात्रों के लिएआज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आज के दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेंगे। आपको आज धैर्य से काम लेने की जरूरत है और इसका लाभ आप आने वाले समय में देखेंगे। आज आपको मनचाही वस्तु मिलेगी जिससे आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा।

कर्क राशि : आज आपका दिन शुभ रहेगा। आज मित्रों के साथ आपके रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। आज संतान को करियर में बड़ी सफलता मिल सकती है। आज आपको किसी प्रोजेक्ट से अच्छा लाभ मिलेगा। नवविवाहित आज किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे, इससे रिश्ते में और मधुरता आएगी।

सिंह राशि :आज का दिन फेबरेबल रहेगा। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को उनके काम के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है। आज आपको अचनाक धन लाभ होगा। आपके ज्यादातर काम पूरे होंगे। अचानक आपको अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कन्या राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको अच्छा काम मिल सकता है। आज आपके व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। कामकाजी महिलाओं को अपने काम के लिएकिसी संस्था से सहयोग मिल सकता है। किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद से आपकी योजनाएं सफल हो सकती हैं।

तुला राशि : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में स्थिति ठीक बनी रहेगी। बच्चों की किसी जरूरत को पूरा करने के लिएआपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। प्राइवेट नौकरी करने वालों को अपनी वाणी पर संयम बनाये रखने की जरूरत है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। अन्यथा आपके बहुत से काम अधूरे रह सकते हैं। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीजें अच्छे से पूरी होगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। आज पारिवारिक माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है।

धनु राशि : आज आपका दिन बहुत ही शानदार रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आज आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आज आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। किसी कठिन परिस्थिति में आपको लोगों से आसानी से मदद मिल जाएगी। आज आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप ज्यादा समय एकांत में बिताना पसंद करेंगे। आज आपके द्वारा बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। आज ऑफिस में उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे रुके काम पूरे होंगे। आज आप कुछ नये विचारों पर भी काम करेंगे।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका खास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं। इसके साथ ही आपका ट्रांसफर आपके मनपसंद स्थान पर हो सकता हैं। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे।

# बज़ट 2025 में नारी शक्ति को चिन्हित कर कार्यबल में भागीदारी की योजनाएं,स्कीम लाना समय की मांग

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारतीय नारी की गाथा बहुत ही सम्मानजनक रूप से गाई जाती है, क्योंकि आदि अनादि काल से ही भारतीय नारी शक्ति की अनेक मान्यता प्राप्त कहानियों कथाओं से भी हमें पता चलता है कि नारी शक्ति की शक्ति तो देवी-देवताओं को भी करनी पड़ी थी, हम तो इस कलयुग में इंसान मात्र हैं। इसलिए हमें चाहिए कि नारी शक्ति का सम्मान कर उनको कार्यबल प्रदान करें जिसको भारत के विकास में प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित कर एक फ़रवरी 2025 को आने वाले बज़ट में ऐसी योजनाओं स्कीमों को लाया जाना चाहिए ताकि नारी शक्ति को कार्य बल में उचित भागीदारी मिले और भारत के तेज़ी से विकसित हो रहे पथ को अधिक तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

साथियों बात अगर हाल ही में आई एक रिपोर्ट की करें तो सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। द नज इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस लक्ष्य को हासिल करने और भारतीय अर्थव्यवस्था में 14 लाख करोड़ रुपये का योगदान देने के लिए श्रमबल में 40 करोड़ अतिरिक्त महिलाएं जोड़नी होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2047 तक वर्तमान महिला श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 37 प्रतिशत को लगभग दोगुना बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने की जरूरत होगी। पिछले कुछ वर्षों के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पर आधारित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 2047 तक 30 लाख करोड़ रुपये की इकोनॉमी बनने का लक्ष्य रखा है।

साथियों बात अगर हम नारी शक्ति को कार्यबल के रूप में चिन्हित करने की करें तो, हमने कई क्षेत्रों में देखे हैं कि नारी कार्यबल अपेक्षाकृत रूप से अधिक सशक्त व प्रभावी रिजल्ट देता है। हम अगर नर नारी के कार्यबल की गुणवत्ता का विश्लेषण करें तो, मेरा मानना है कि नारी बल गुणवत्ता में अधिक कुशल दिखेगा। जिसका मैंने खुद ने ग्राउंड रिपोर्टिंग




कर सत्यता परखी है। मैंने अनेक शोरूम ऑफिसेस दवाखाना वकील सीए अनेक प्रोफेशनल जगह कंपनियों में वहां के प्रमुख संचालकों, मैनेजरों अधिकृत व्यवस्थापकों से बात की तो उन्होंने भी नारी कार्यबल को अपेक्षाकृत अधिक सशक्त इमानदार रेगुलर जिम्मेदार ज़वाबदेही में अवल बताया और नारी कार्यबल को प्राथमिकता देने की बात स्वीकार की, क्योंकि नकारात्मक आदतें नारी कार्यबल में नहीं देखने को मिलती जितनी नर कार्यबल में देखने को मिलती है। उसी तरह नेतृत्व शक्ति में भी नारी कार्यबल अधिक उच्च गुणवत्ता में अग्रणी ही है इसका उदाहरण हमें वैश्विक स्तरपर मूल भारतीय महिलाओं कल्पना चावला कमला हैरिस सहित अनेकों का नाम लिया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम 1 फ़रवरी 2025 को आने वाले बजट में नारी शक्ति कार्यबल के एंगल से देखें तो आज इसकी कार्य शक्ति बढ़ाने के लिए अधिक बजट एलोकेशन की आवश्यकता है। कुछ ऐसी योजनाएं, इंसेंटिव, छूट दी जानी चाहिए ताकि नारी कार्यबल को प्राथमिकता दिए जाने पर प्रोत्साहन मिले। वैसे भी हम अभी अनेकों निजी कंपनियों में देखते हैं कि वहां नारी कार्यबल को प्राथमिकता दी जाती है जो वर्तमान समय की जरूरत भी है अब वक्त आ गया है कि नारी शक्ति के कार्य बल को बढ़ाने आरक्षण का बंधन भी तोड़ने की ज़रूरत है और उच्च कौशल्या के आधार पर नारी कार्यबल की सेवा राजनीतिक, औद्योगिक शैक्षणिक सहित हर क्षेत्र में ली जानी चाहिए। भारतीय कौशल नारी सबपर भारी की थींम को आगे बढ़ाया जाए।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा अनेक स्थानों पर अनेक संबोधनों में उन्होंने भी,नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित किया और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को और सक्षम बनाने के साथ-साथ उसे बढ़ावा देने के लिए प्रयास जारी रखने का आग्रह किया, एक मीटिंग में विचार-विमर्श वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भारत का विकास और दृढ़ता विषय पर आधारित था। अपनी टिप्पणी में कहा कि, जहां जोखिम थे, वहीं उभरता हुआ वैश्विक वातावरण डिजिटलीकरण, ऊर्जा, स्वास्थ्य देखभाल और कृषि जैसे क्षेत्रों में नए और विविध अवसर प्रदान करता है। इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र को तालमेल का लाभ उठाने और लीक से हटकर सोचने की जरूरत है। उन्होंने भारत डिजिटल की सफलता की गाथा और देश भर में फिनटेक को तेजी से अपनाने, और समावेशी विकास और इसके दृढ़ संकल्प की क्षमता की सराहना की। बैठक में प्रतिभागियों ने उन तरीकों पर व्यावहारिक उपायों की पेशकश की, जिनसे भारत अपने विकास की गति को विवेकपूर्ण ढंग से बनाए रख सकता है। कृषि से लेकर विनिर्माण तक विविध विषयों पर प्रधानमंत्री के साथ विचार और सुझाव साझा किए गए। यह स्वीकार करते हुए कि अंतर्निहित वैश्विक प्रतिकूलताएं जारी रहने की संभावना है, भारत की दृढ़ता को और मजबूत करने के लिए रणनीतिक सिफारिशें भी साझा की गईं। इस बात पर सहमति कायम हुई कि अपने लचीलेपन के कारण, भारत अशांत वैश्विक मंच पर एक उज्ज्वल स्थान बनाकर उभरा है। यह सुझाव दिया गया था कि सभी क्षेत्रों में समग्र विकास के माध्यम से इस नींव पर नए सिरे से विकास पर जोर देने की आवश्यकता होगी। हर नारी अपनी प्रतिभा के साथ न्याय कर पाये, अपने अरमानो को पंख लगाने का जज्बा रखे और उन्हें पूरा करने का होंसला रखे । किसी से कोई खैरात नहीं, कोई पक्षपात नहीं,अपने बलबूते पर मंज़िल हांसिल करने माद्दा रखे।




# भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश जो भू-सांस्कृतिक देश, जहां संस्कृति के कारण ही सीमाएँ निर्धारित होती हैं : अमित शाह



## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख थ्रू द एजेस पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए

श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख थ्रू द एजेस पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। शाह ने इस दौरान कहा कि हमारे देश के हर कोने का इतिहास हजारों साल पुराना है, जहां दुनिया की सभ्यताओं को कुछ न कुछ देने के लिए काम किये गये। उन्होंने कहा कि परतंत्रता के समय हमें यह भूलाने का प्रयास किया गया। एक मिथक प्रचारित किया गया कि यह राष्ट्र कभी एकजुट नहीं था और स्वतंत्रता का विचार बेमानी था। बहुत से लोगों ने इस झूठ को स्वीकार भी किया। शाह ने आगे कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान इतिहास में लिखी गई हमारे देश की परिभाषा उनकी जानकारी की कमी के कारण गलत थी। विश्व के सभी राष्ट्रों का अस्तित्व भू-राजनीतिक है। वे युद्ध या समझौते के परिणामस्वरूप सीमाओं द्वारा बनते हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो भू-सांस्कृतिक देश है और संस्कृति के कारण ही सीमाएँ निर्धारित होती हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, गांधार से ओडिशा तक और बंगाल से असम तक, हम अपनी संस्कृति के कारण जुड़े हुए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जो लोग किसी देश को किसी भू-राजनीतिक चीज़ के रूप में परिभाषित करते हैं, वे हमारे देश को परिभाषित नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि भारत को समझने के लिए हमारे देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा। कश्मीर और लद्दाख कहां थे, इस आधार पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर विश्लेषण करना कि इस पर किसने शासन किया, कौन रहते थे और कौन-कौन से समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, व्यर्थ है और केवल इतिहास की कुटिल दृष्टि वाले इतिहासकार ही ऐसा कर सकते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि भारत की सभी क्षेत्रों में फैली 10,000 साल पुरानी संस्कृति कश्मीर में भी मौजूद थी। जब 8000 साल पुरानी किताबों में कश्मीर और झेलम का जिक्र होता है तो कश्मीर किसका है, इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। इसे कोई भी कानून की धाराओं का इस्तेमाल कर अलग नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि कानून का उपयोग करके इसे अलग करने का प्रयास किया गया लेकिन समय के प्रवाह में वे धाराएँ निरस्त कर दी गईं और सभी बाधाएँ दूर हो गईं।



नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए खन्ना मार्केट में प्रचार करते हुए।

## बरेली में विवाद बढ़ता देख मुसलमानों ने मस्जिद के अवैध हिस्से को खुद गिराया



लखनऊ (ए)। उत्तर प्रदेश में जमीन पर कब्जा करने या फिर धार्मिक स्थल का निर्माण करा देना कभी आम बात हो गई थी, लेकिन जब से योगी सरकार ने सख्ती दिखाई है भूमाफिया और धर्म की आड़ में जमीन कब्जाने वाले अपने आप ही सरकारी जमीन पर से कब्जा छोड़ने लगे हैं। ऐसा ही नजारा बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र में तिलमास गांव में तब देखने को मिला जब तालाब की जमीन पर मस्जिद के बने होने की शिकायत के बाद मस्जिद के अवैध निर्माण को स्वयं लोगों ने तोड़ दिया। इससे पहले राजस्व की टीम ने मौके पर जाकर नाप कराई थी तो पता चला कि मस्जिद का एक हिस्सा सरकारी तालाब की जमीन में है इसके बाद एतिहातन गांव में पुलिस को तैनात कर दिया गया था। बताया जाता है कि विवाद सुलझाने के लिये मुस्लिम समुदाय के आधा दर्जन लोग उप जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचे थे और वार्ता कर नियमानुसार प्रशासन की मंशा भांपते हुए खुद ही तालाब में बने मस्जिद के अतिरिक्त हिस्से को तोड़ने पर सहमति जताई थी। जानकारी के मुताबिक मीरगंज के गांव तिलमास में बनी मस्जिद के पिछले हिस्से को सरकारी तालाब की जगह में बने होने की एक्स एकाउंट पर पोस्ट किया था जिसे लेकर तहसील प्रशासन से एसडीएम तृप्ति गुप्ता, तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा और सीओ अंजनी कुमार तिवारी व एसएचओ सिद्धार्थ सिंह तोमर राजस्व टीम को लेकर जांच पड़ताल की थी।

## बिहार में तेज पछुआ हवा ने लोगों को ठंड से ठिठुराया, स्कूलों के भी समय बदले

पटना, (आरएनएस)। तेज पछुआ हवा ने बिहार के अधिकतर इलाकों के लोगों को ठिठुरा दिया है। इसकी वजह से लोगों को गलन और कनकनी महसूस हो रही है। राजधानी पटना सहित अन्य इलाकों के न्यूनतम तापमान में गिरावट आने के साथ ठंड में वृद्धि दर्ज की गई है। पटना में बुधवार को अधिकतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में कमी के कारण सुबह और शाम में कनकनी का प्रभाव बना हुआ है। इधर, ठंड के कारण पटना के स्कूलों के समय में भी परिवर्तन किया गया है। पटना जिले में अधिक ठंड तथा विशेष रूप से सुबह और शाम के समय कम तापमान की स्थिति है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने छह जनवरी तक सभी निजी, सरकारी विद्यालयों सहित आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्वाह्न नौ बजे से पहले एवं अपराह्न चार बजे के बाद संचालन पर रोक लगा दिया है। हालांकि प्री-बोर्ड, बोर्ड की परीक्षा हेतु संचालित किए जाने वाली विशेष कक्षाओं, परीक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रखा गया है।

# दिल्ली में 21.5 लाख रुपये का गांजा जब्त,दो तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली पुलिस ने राजस्थान के रहने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 21.5 लाख रुपये मूल्य का 21.6 किलोग्राम गांजा जब्त करने का दावा किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को 23 दिसंबर को दिल्ली के विहार मोहन गार्डन इलाके से गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की टीम को एक कबाड़खाने के सामने खड़ी एक कार मिली जिसमें दो लोग सवार थे। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से 21.6 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि दोनों की पहचान राजस्थान के अलवर निवासी कमल सिंह (33) और अशोक कुमार (26) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि कमल पर



स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ(एनडीपीएस) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और हत्या के प्रयास से जुड़े 25 मामले दर्ज हैं। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य व्यक्ति अशोक का भी आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ लूट एवं चोरी के तीन मामले पहले भी दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी करते थे।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले नीतीश के मंत्री को ऑटो ने मारी टक्कर, 4 बॉडीगार्ड भी घायल

सहरसा (आरएनएस)। बिहार के सहरसा जिले में 1 जनवरी की सुबह मंत्री रत्नेश सदा को एक ऑटो ने टक्कर मार दी है। इस हादसे में रत्नेश सदा सहित उनके चार बॉडीगार्डों को चोटें आई हैं। सभी घायल सदर अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। रत्नेश सदा, जो कि मद्य निषेध विभाग के मंत्री हैं, अपने पैतृक गांव लौटने के बाद सुबह के समय अपने बॉडीगार्ड के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक ऑटो चालक ने उनके वाहन को रौंद दिया। इस टक्कर में मंत्री रत्नेश सदा और उनके चार बॉडीगार्ड घायल हो गए।घटना के तुरंत बाद सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि सभी की हालत पहले से बेहतर है।

## भारत और पाकिस्तान ने अपने परमाणु ठिकानों की सूची एक-दूसरे को सौंपी,एमईए ने दी जानकारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और पाकिस्तान ने एक बार फिर परमाणु सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए बुधवार को एक-दूसरे को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची सौंपी। यह दोनों देशों के बीच एक लंबे समय से चली आ रही परंपरा है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों देशों ने आज नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध पर समझौते के तहत आने वाले परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह समझौता दोनों देशों के बीच 1991 से लागू है और इसके तहत दोनों देश हर साल जनवरी में एक-दूसरे को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची देते हैं।

यह समझौता दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और शांतिपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। हालांकि, दोनों देशों के बीच कई मुद्दे अभी भी बाकी हैं जिन पर बातचीत की जरूरत है।



विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए अमेरिकी दूतावास का दौरा किया.

## नए साल पर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की जरुरत : धर्मवीर प्रजापति

लखनऊ, (आरएनएस)। योगी सरकार में मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने प्रदेश वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि नकारात्मकता को छोड़ सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। मंत्री ने महाकुंभ की तैयारियों का भी जिक्र किया। प्रजापति ने कहा मैं सभी लोगों और सभी दर्शकों को 2025 के लिए हार्दिक नववर्ष की शुभकामनाएं देता हूं। ये दिन सकारात्मक और रचनात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का है। नए साल पर हमें नकारात्मक बातों को पीछे छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का पहला मास खास है। बोले, हमारे लिए साल का पहला महीना उत्साह से भरा हुआ है क्योंकि, प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुंभ में लाखों-करोड़ों भक्त आएंगे। गत वर्ष भी हम लोगों के लिए साल का पहला महीना उत्साह भरा था। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। आने वाली 22 जनवरी को पूरा एक साल हो जाएगा। हम लोग उत्सव मनाने के लिए तैयार हैं। मंत्री ने महाकुंभ की तैयारियों को लेकर भी विचार रखे। कहा, मैं महाकुंभ में सभी को आने का न्योता देता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर सप्ताह वहां जा रहे हैं और कुंभ की व्यवस्था को देख रहे हैं।

# बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग पर अड़े प्रशांत किशोर, आमरण अनशन पर बैठे



पटना (ए.)। राजनीतिक रणनीतिकार और जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने हाल ही में आयोजित बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना में आमरण अनशन की घोषणा की है। किशोर ने अपना अनशन शुरू करने से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए परीक्षा के संचालन में कथित अनियमितताओं पर गंभीर चिंता जताई और तत्काल हस्तक्षेप का आह्वान किया। भर्ती प्रक्रिया में कुप्रबंधन और पारदर्शिता की कमी के बढ़ते आरोपों के बीच यह कदम उठाया गया है। किशोर ने इस बात पर जोर दिया कि उनके उपवास का उद्देश्य राज्य सरकार पर तेजी से कार्रवाई करने और पब में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए दबाव डालना है। उन्होंने कहा कि मैं उन भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग करता हूं, जिन्होंने कथित तौर पर परीक्षाओं द्वारा भरे जाने वाले पदों को खरीद-फरोख्त के लिए रखा है। उल्लेखनीय है कि प्रदर्शनकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा से मुलाकात के तुरंत बाद, किशोर ने सोमवार को कहा था कि वह 48 घंटे तक इंतजार करेंगे और अगर नीतीश कुमार सरकार 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रतियोगी परीक्षाओं पर कोई कार्रवाई करने में विफल रही, तो आंदोलन तेज हो जाएगा। सोमवार को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने प्रदर्शनकारियों से कहा था कि वे नीतीश कुमार सरकार को 48 घंटे का समय दें और यदि इस समय तक कोई समाधान नहीं निकलता है तो वे अपना आंदोलन फिर से शुरू कर सकते हैं। मीणा से मिलने वाले प्रतिनिधियों में किशोर के पार्टी सहयोगी एवं सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी आरके मिश्रा शामिल थे। किशोर ने प्रतिनिधियों द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्य सचिव ने धैर्यपूर्वक उनकी बात सुनी है। वे किसी समाधान तक नहीं पहुंच सके क्योंकि यह ऐसा निर्णय है जिसके लिए मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप की आवश्यकता होगी, जिनके आज रात दिल्ली से लौटने की उम्मीद है।

## मुंबई में नाबालिग से नए साल पर दुष्कर्म, 50 साल के आरोपी पर एफआईआर दर्ज

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के वसई में नए साल के मौके पर भी एक पीड़िता के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ 31 दिसंबर और 1 जनवरी को दुष्कर्म किया गया। दरअसल, मुंबई से सटे वसई के वालिव पुलिस थाने में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की ने एफआईआर दर्ज करवाई है। पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ 31 दिसंबर और 1 जनवरी को एक कंपनी के केबिन में दुष्कर्म किया गया। एफआईआर के अनुसार, नाबालिग लड़की वसई पूर्व में स्थिति एक कंपनी में काम करती थी। पीड़िता का आरोप है कि 31 दिसबंर की शाम 7 बजे 50 वर्षीय प्रदीप प्रजापति ने उसे किसी काम के बहाने से अपने केबिन में बुलाया और धमकी दे बलात्कार किया। पीड़िता का आरोप है कि उसे घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की भी धमकी दी गई। हालांकि, इसी डर की वजह से आरोपी ने दोबारा एक जनवरी की दोपहर को फिर से उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के मुताबिक, दोनों ही बार उसे अलग-अलग बात बोलकर केबिन में बुलाया गया था। उससे कहा गया कि उसके खिलाफ शिकायत मिली है और उसे नौकरी से भी निकाल देंगे।

# नए साल पर पीएम मोदी का संकल्प जुमलों से कम नहीं : मल्लिकार्जुन खड़गे

नई दिल्ली (ए)। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए साल के संकल्प हर नागरिक के जीवन को नष्ट करने वाले जुमलों से कम नहीं हैं। एक्स पर एक पोस्ट में, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार ने अपने द्वारा पैदा की गई आर्थिक उथल-पुथल का कोई समाधान नहीं दिया है क्योंकि उन्होंने सात संकेतकों का हवाला दिया था। उन्होंने दावा किया कि गोल्ड लोन में 50त्न की वृद्धि और गोल्ड लोन एनपीए में 30त्न का उछाल है। उन्होंने दावा किया कि परिवारों द्वारा खरीदी गई वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य पिछली 8 तिमाहियों में धीमा हो गया है और पूर्व-कोविड स्तर तक वापस नहीं आया है।



खड़गे के मुताबिक कार बिक्री वृद्धि 4 साल के निचले स्तर पर आ गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों (2019-2023) में इंजीनियरिंग, विनिर्माण, प्रक्रिया और बुनियादी ढांचे (ईएमपीआई) क्षेत्रों में मजदूरी केवल 0.8त्न की चक्रवृद्धि वार्षिक दर से बढ़ी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पिछली आठ तिमाहियों में खाद्य मुद्रास्फीति औसतन 7.1 प्रतिशत रही है। आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी के रूप में अप्रत्यक्ष कराधान से घरेलू बचत घट रही है जो 50 साल के निचले स्तर पर है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि घरेलू वित्तीय देनदारियाँ अब सकल घरेलू उत्पाद का 6.4 प्रतिशत हैं - जो दशकों में सबसे अधिक है। रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है, जिससे विदेशी फंड बाहर चला गया और छोटे निवेशकों को लाखों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। मोदी पर तंज कसते हुए खड़गे ने कहा कि आपके वार्षिक नए साल के संकल्प प्रत्येक नागरिक के जीवन को नष्ट करने वाले जुमलों से कम नहीं हैं! कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी कहा कि आरबीआई के मुताबिक भारतीय परिवारों की आय लगातार घट रही है और कर्ज लेने वालों की संख्या बढ़ रही है।

## बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का जन्मदिन, शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा

पटना, (आरएनएस)। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी अपना जन्मदिन मना रही हैं। इस क्रम में उनके आवास पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा है। लोग उनसे मिलकर नए वर्ष और जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर राजद के विधायक मुकेश रौशन पहुंचे और उन्हें नए साल एवं जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। राजद विधायक ने कहा कि उन्होंने राबड़ी देवी को जन्मदिन और नए वर्ष की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इस साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। दावा करते हुए उन्होंने कहा कि 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। इसके अलावा भी बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पहुंच रहे हैं और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस मौके पर मिठाईयां भी बांटी जा रही है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू यादव ने भी पत्नी की शुभकामनाएं दी हैं। उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं हमने दे दी हैं।




भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के महासचिव डी. राजा अन्य नेताओं के साथ पटना के एसके मेमोरियल हॉल में पार्टी के शताब्दी समारोह में शामिल हुए.

# आलिया-दीपिका का अपनी बेटियों को नए साल का तोहफा, करोड़ों रुपये है कीमत



इन दिनों आलिया भट्ट और रणबीर कपूर अपने बेटी राहा के साथ न्यू ईयर वैकेशन मना रहे हैं। वहीं दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह भी अपनी बेटी दुआ के साथ क्वालिटी टाइम गुजार रहे हैं। हाल ही में इन बॉलीवुड कपल्स ने अपनी बेटियों के लिए एक खास तोहफा तैयार करवाया है। इस तोहफे की कीमत करोड़ों रुपये में है।

इस समय आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण अपने मदरहुड फेज को एंज्वॉय कर रही हैं। वहीं रणवीर सिंह और रणबीर कपूर भी पिता बनने की अपनी जिम्मेदारियों को निभा रहे हैं। अपने नन्ही परियों को यह बॉलीवुड कपल्स बहुत प्यार-दुलार दे रहे हैं। हाल ही इन बॉलीवुड जोड़ियों ने अपनी-अपनी बेटियों के लिए एक शानदार और कीमती तोहफा तैयार करवा लिया है। जानिए, क्या है वो तोहफा?

**दीपिका-आलिया का प्यारा सपना**

हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ वीडियोज वायरल हुए हैं, जिसमें मुंबई में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर का नया घर लगभग बनकर तैयार है। सूत्रों के अनुसार यह घर आलिया और रणबीर कपूर ने अपनी बेटी राहा के लिए बनवाया है। वहीं रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की भी एक नई बिल्डिंग बस बनकर तैयार है। यह नई बिल्डिंग, शाहरुख खान के घर के पास ही बनी है। इस तरह से दीपिका और रणबीर सिंह, शाहरुख खान के पड़ोसी बन जाएंगे। यह बिल्डिंग भी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपनी बिटिया दुआ के लिए बनवाई है। इस तरह से बॉलीवुड की ये मशहूर जोड़ियां, अपनी बेटियों के लिए नए घर बनवा रहे हैं।

**करोड़ों रुपये है तोहफे की कीमत**

इन घरों की कीमत का खुलासा तो नहीं हुआ है, लेकिन इनकी कीमत करोड़ों रुपये में जरूर होगी। मुंबई में आलिया, रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के पास पहले भी कई और प्रॉपर्टीज भी मौजूद हैं। इन प्रॉपर्टीज की कीमत भी करोड़ों रुपये में बताई जाती है।

**आलिया-रणबीर कपूर के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स**

अगर आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के फिल्म प्रोजेक्ट्स की बात की जाए तो आलिया साल 2025 में फिल्म 'अल्फा' में नजर आएंगी। वहीं रणबीर कपूर भी फिल्म 'रामायण' पार्ट 1 में नजर आएंगे। यह दोनों ही बिग बजट फिल्में हैं।

**क्या रिलीज होंगी दीपिका की फिल्में**

दीपिका पादुकोण साल 2024 में फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आईं, लेकिन फिल्म में उनका रोल ज्यादा बड़ा नहीं था। वह फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में नजर आईं। साल 2025 में 'कल्कि 2898 एडी' का पार्ट 2 भी रिलीज हो सकता है, ऐसे में यह दीपिका के लिए एक अच्छा कमबैक होगा। वहीं रणवीर सिंह भी इस साल 'धुरंधर' फिल्म में नजर आ सकते हैं।

# ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला रुबीना दिलैक का



मशहूर एक्ट्रेस रुबीना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम पर एक नई तस्वीरों की सीरीज़ साझा की। इसमें उनका ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला। शेयर की गई इन तस्वीरों में रुबीना ने ग्रीन कलर का फिशकट गाउन पहना है, जो न केवल आकर्षक बल्कि बेहद स्टाइलिश भी है।

गाउन के फ्रंट हिस्से में नेट डिजाइन है, जो उनकी खूबसूरती को और बढ़ा रहा है। इस लुक में रुबीना किसी मोरनी की तरह नजर आ रही हैं, और उनके फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। रुबीना ने इस लुक को और भी शानदार बनाने के लिए अपने बालों को मैसी बन में बांधा है और ग्लोसी मेकअप के साथ रेड कलर की ज्वैलरी पहनी है। उनका यह ग्लैमरस अवतार सोशल मीडिया पर एक ट्रेंड बन चुका है और उनके फॉलोअर्स इसे खूब पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए रुबीना ने जीवन के बारे में अपनी सोच भी जाहिर की। उन्होंने लिखा, हम चाहे जितना भी पीछा करें, पीछे भागें या उसे कसकर पकड़ने की कोशिश करें, भगवान के पास हमेशा हमारे लिए बड़ी योजनाएं होती हैं। यह शाम मेरे लिए उनकी योजनाओं में से एक थी। प्रक्रिया पर भरोसा रखें और जाने दें। इस कैप्शन के जरिए उन्होंने अपने फैंस को आत्मविश्वास और सकारात्मकता का संदेश दिया है।

रुबीना दिलैक की पर्सनल लाइफ भी चर्चा में रहती है। पिछले साल, वह जुड़वा बेटियों की मां बनीं और अपनी मातृत्व की खुशियों को सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर करती हैं। उनका करियर टीवी शो छोटी बहू से शुरू हुआ था, जो उन्हें घर-घर में पहचान दिलाने में मददगार साबित हुआ। इसके बाद उनका शो शक्ति भी सुपरहिट रहा। रुबीना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं, और उनकी तस्वीरें एवं पोस्ट्स उनके फैंस को नई प्रेरणा देती

## शाहिद कपूर की फिल्म देवा का फर्स्ट पोस्टर रिलीज, अमिताभ बच्चन के साथ दिखा खास कनेक्शन



ज़ी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स की आने वाली एक्शन थ्रिलर देवा का लोगों को बेसब्री से इंतजार है. मेकर्स ने लगातार अपडेट्स देकर ऑडियंस की एक्साइटमेंट को बनाए रखा है. ऐसे में अब इस फिल्म से शाहिद कपूर का नया जबरदस्त लुक पोस्टर रिलीज करके मेकर्स ने एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है. देवा के नए पोस्टर में शाहिद कपूर का लुक काफी दमदार और रॉ लग रहा है. सिगरेट पीते हुए शाहिद का स्टाइल और एटीट्यूड कमाल का दिख रहा है, जिसमें पावर और रफनेस साफ झलक रही है. पोस्टर को और दमदार बनाता है बैकग्राउंड में 90 के दशक के आइकॉनिक अमिताभ बच्चन की झलक. ये नॉस्टेल्जिया के साथ एक गहराई भी जोड़ता है. शाहिद का दमदार लुक और बच्चन की ताकतवर मौजूदगी साथ में मिलकर फिल्म के इंटेंस और धमाकेदार होने की ओर इशारा करती है. इससे शाहिद की दमदार परफॉर्मेंस को लेकर एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है.

# एक्ट्रेस ने वीडियो के जरिये कहा साल 2024 को अलविदा



नए साल का फिल्म इंडस्ट्री के सितारे अपने-अपने अंदाज में स्वागत कर रहे हैं। इनमें अभिनेत्री प्रीति जिंटा भी शामिल हो गई है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री ने एक वीडियो के जरिए 2024 को अलविदा कहा, जिसमें उन्होंने इस साल के खूबसूरत पलों को समेटा।

प्रीति जिंटा सोशल मीडिया पर बेहद सक्रिय रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन की झलकियां साझा करती हैं। इस बार, उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, जैसे-जैसे यह साल खत्म हो रहा है, मैं यही सोच रही थी कि हमने इस साल क्या किया। अभिनेत्री ने 2024 के दौरान पेरू में नए साल का स्वागत करने, इंका ट्रेल पर चलने और ऐसी जगहों पर जाने का जिक्र किया, जहां वह पहले कभी नहीं गई थीं। उन्होंने कहा कि इस साल को उन्होंने एक्शन से भरा और शानदार पाया, खासकर अपने फिल्मी करियर के संदर्भ में, क्योंकि इस साल उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में वापसी की। प्रीति जिंटा ने यह भी साझा किया कि साल 2024 उनके लिए एक विशेष साल रहा क्योंकि उन्होंने लंबे समय बाद फिल्म की शूटिंग शुरू की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर लिखा, इस साल मैं सेट पर वापस आ गई और इतने लंबे समय के बाद एक फिल्म की शूटिंग की!

उन्होंने वीडियो के जरिए 2024 के पहले पांच महीनों की कुछ यादें साझा की, जिनमें पेरू, लॉस एंजिल्स, मुंबई और पंजाब जैसी जगहों पर बिताए गए खूबसूरत पल शामिल थे। प्रीति का इंस्टाग्राम अक्सर उनकी परिवार, दोस्तों और शूटिंग से जुड़ी तस्वीरों से भरा रहता है। हाल ही में, उन्होंने अपने अच्छे दोस्त और अभिनेता सलमान खान को उनके जन्मदिन पर बधाई दी थी और लिखा था, हैप्पी बर्थडे सलमान खान, बस इतना कहना चाहती हूं कि मैं तुम बहुत चाहती हूं।

## किरण अब्बावरम स्टारर दिलरुबा की टीजर रिलीज डेट से उठा पर्दा, निर्माताओं नया पोस्टर जारी कर बताई तारीख

किरण अब्बावरम की आने वाली फिल्म दिलरुबा फरवरी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। विश्व करुण द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक एक्शन एंटरटेनर में अब्बावरम के साथ रुखसार ढिल्लन भी हैं। शिवम सेल्युलॉइड्स और सारेगामा की ए उडली फिल्म द्वारा निर्मित, दिलरुबा में मनोरंजक कहानी का वादा किया गया है।दिलरुबा का टीज़र 3 जनवरी को रिलीज़ होने वाला है, जिससे लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। किरण अब्बावरम की केए में सफलता के बाद, उम्मीदें बहुत ज़्यादा हैं। फ़िल्म की तकनीकी टीम में एडिटर प्रवीण केएल, सिनेमेटोग्राफर डेनियल विस्वास, संगीतकार सैम सीएस और निर्माता रवि, जोजो जोस, राकेश रेड्डी और सारेगामा शामिल हैं।दिलरुबा की कहानी और विश्व करुण के निर्देशन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। क्या किरण अब्बावरम अपनी पिछली सफलता को दोहरा पाएंगे? यह फिल्म की फरवरी रिलीज से पता चलेगा ।

# गेम चेंजर से राम चरण की नई झलक आई सामने, आज रिलीज होगा ट्रेलर



दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता राम चरण काफी समय से अपनी आगामी फिल्म गेम चेंजर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ बनी है।अब नए साल के पहले दिन निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, गेम चेंजर से राम चरण की नई सामने आ चुकी है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है।इसके साथ निर्माताओं ने बताया कि फिल्म का ट्रेलर कब रिलीज होगा।

गेम चेंजर का ट्रेलर कल यानी 2 जनवरी, 2025 को शाम 5ः04 बजे रिलीज किया जाएगा। निर्माताओं ने इसकी घोषणा करते हुए लिखा, साल की धमाकेदार शुरुआत। गेम चेंजर का ट्रेलर कल आ रहा है।फिल्म का निर्देशन शंकर कर रहे हैं। दिल राजू इसके निर्माता हैं। विनय विद्या राम के बाद यह कियारा-राम चरण के बीच दूसरा सहयोग है।फिल्म 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इसका सामना सोनू सूद की फतेह से होगा।

श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस के तहत दिल राजू द्वारा निर्मित, गेम चेंजर में थमन एस द्वारा रचित संगीत है, जो एक शक्तिशाली साउंडट्रैक सुनिश्चित करता है। जैसे-जैसे रिलीज़ की तारीख नज़दीक आ रही है, उत्साह बढ़ता जा रहा है। अपने शानदार कलाकारों, दूरदर्शी निर्देशन और आकर्षक कहानी के साथ, गेम चेंजर 2025 की सबसे बड़ी रिलीज़ में से एक बनने के लिए तैयार है।

## *राम पोथिनेनी-भाग्यश्री बोरसे के फैंस को नए साल का तोहफा, फिल्म रैपो 22 का पोस्टर हुआ जारी*

*राम पोथिनेनी की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म रैपो 22 का नया पोस्टर आज कुछ ही देर पहले जारी किया जा चुका है, जिसे लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। इस फिल्म को युवा निर्देशक महेश बाबू पी निर्देशित कर रहे हैं।माइथ्री मूवी मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म रैपो 22 से भाग्यश्री बोरसे का लुक जारी किया है। इस पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, इस नए साल में बहुत सारा प्यार और खुशियां आप सभी की जिंदगी में.... टीम रैपो 22 की ओर से आप सभी को नए साल 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं....*

# शरीर को कई लाभ प्रदान कर सकती है जंपिंग प्लैंक एक्सरसाइज, जानें कैसे



जंपिंग प्लैंक एक्सरसाइज आपके कोर को मजबूत बनाने में मदद कर सकती है।यह न केवल पेट की मांसपेशियों को मजबूत करती है, बल्कि शरीर के संतुलन और स्थिरता में भी सुधार लाती है।इस एक्सरसाइज से हृदय गति बढ़ती है, जिससे कैलोरी बर्न होती है। यह सहनशक्ति बढ़ाने का भी एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें पूरे शरीर का उपयोग होता है।इस लेख में हम जंपिंग प्लैंक के फायदे, सावधानियां और कुछ वैकल्पिक अभ्यासों पर चर्चा करेंगे।

### जंपिंग प्लैंक कैसे करें?

सबसे पहले सामान्य प्लैंक पोजीशन में आएं, फिर अपने हाथों और पैरों को सीधा रखते हुए शरीर को एक सीधी रेखा में रखें।अब अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई से थोड़ा बाहर की ओर कूदें और फिर वापस अंदर लाएं।यह प्रक्रिया लगातार करते रहें। इस दौरान ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और पेट अंदर की ओर खिंचा हुआ हो।शुरुआत में इसे 30 सेकंड तक करें और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं।

### जंपिंग प्लैंक के फायदे

जंपिंग प्लैंक आपके शरीर के कई हिस्सों पर काम करता है, खासकर पेट, कंधे और पैर की मांसपेशियों पर।यह एक्सरसाइज हृदय गति को बढ़ाती है, जिससे कैलोरी बर्न होती है और वजन घटाने में मदद मिलती है।इसके अलावा यह आपकी सहनशक्ति बढ़ाने का भी एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें पूरे शरीर का उपयोग होता है।नियमित रूप से करने पर यह आपकी मुद्रा सुधारने और रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने में भी सहायक होती है।

### जंपिंग प्लैंक करते समय बरतें ये सावधानियां

जंपिंग प्लैंक करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है ताकि चोट लगने से बचा जा सके।सबसे पहले सही फॉर्म का पालन करें। एक्सरसाइज करते समय पीठ सीधी होनी चाहिए और गर्दन आरामदायक स्थिति में होनी चाहिए।अगर आपको किसी प्रकार की पीठ या घुटनों की समस्या हो तो इस एक्सरसाइज से बचें या किसी विशेषज्ञ से सलाह लें।हमेशा अच्छी क्वालिटी वाले मैट का उपयोग करें ताकि फिसलने का खतरा कम हो।

### जंपिंग प्लैंक के साथ अन्य विकल्प आजमाएं

अगर आप जंपिंग प्लैंक के साथ कुछ विविधता चाहते हैं तो आप साइड टू साइड जंप्स या हाई नीज जैसे अन्य कार्डियो एक्सरसाइज जोड़ सकते हैं, जो समान रूप से प्रभावी होते हैं।इसके अलावा आप बर्पी या माउंटेन क्लाइंबर्स जैसे उच्च तीव्रता वाले एक्सरसाइज भी शामिल कर सकते हैं, जो आपके फिटनेस स्तर को चुनौती देंगे और अधिक कैलोरी बर्न करेंगे।इन सभी विकल्पों के साथ संयोजन करके आप अपनी दिनचर्या को रोचक बना सकते हैं।

# सर्दियों में कपड़े सुखाने में हो रही है परेशानी? इन 5 प्रभावी तरीकों को आजमाएं

सर्दियों में कपड़े सुखाना एक बड़ी चुनौती बन जाता है, खासकर जब धूप कम होती है।इस मौसम में नमी और ठंड के कारण कपड़े जल्दी नहीं सूखते हैं, जिससे बदबू और फंगस की समस्या हो सकती है।हालांकि, चिंता न करें क्योंकि कुछ आसान उपायों से आप बिना धूप के भी अपने कपड़ों को जल्दी और सही तरीके से सुखा सकते हैं।ये टिप्स हर किसी के लिए उपयोगी हैं, चाहे आप घर पर हों या बाहर।

### हीटर का इस्तेमाल करें

हीटर का उपयोग करके आप अपने कमरे का तापमान बढ़ा सकते हैं, जिससे आपके गीले कपड़े जल्दी सूख जाएंगे। हीटर को सुरक्षित दूरी पर रखें ताकि कोई दुर्घटना न हो।इसके साथ ही कमरे की खिड़कियां थोड़ी खुली रखें ताकि हवा का प्रवाह बना रहे और नमी बाहर निकल सके।ध्यान दें कि हीटर का इस्तेमाल करते समय बिजली की खपत बढ़ सकती है इसलिए इसे जरूरत अनुसार ही चलाएं।

### टॉवल रोलिंग तकनीक अपनाएं

गीले कपड़ों को जल्दी सुखाने के लिए टॉवल रोलिंग तकनीक एक बहुत उपयोगी तरीका है।इसके लिए आपको एक बड़ा सूखा तौलिया लेना होगा और उसमें गीला कपड़ा अच्छी तरह से लपेटना होगा, फिर इसे कसकर रोल करें ताकि तौलिया अतिरिक्त पानी को सोख लें।इस प्रक्रिया से आपके कपड़ों की नमी काफी हद तक कम हो जाएगी, जिससे वे जल्दी सूख जाएंगे।यह तरीका खासतौर पर तब काम आता है जब धूप नहीं होती।

### ड्रायर रैक का इस्तेमाल करें

ड्रायर रैक एक शानदार विकल्प है जब आपको बिना धूप के कपड़े सुखाने होते हैं।इसे घर के अंदर किसी हवादार जगह पर रखें, जहां हवा का प्रवाह अच्छा हो। ड्रायर रैक पर अलग-अलग स्तर होते हैं, जिन पर आप अपने सभी प्रकार के छोटे-बड़े कपड़े फैला सकते हैं।इससे कपड़े समान रूप से सूखते हैं और नमी जल्दी खत्म होती है। यह तरीका खासतौर पर तब उपयोगी होता है जब बाहर मौसम खराब हो और धूप न मिले।

### पंखे की मदद लें

पंखे की मदद से आप अपने गीले कपड़ों को जल्दी सुखा सकते हैं।इसके लिए पंखे को तेज गति पर चलाएं और उसके सामने या नीचे अपने गीले कपड़े फैलाएं।इससे हवा सीधे कपड़ों पर लगेगी और वे जल्दी सूख जाएंगे। यह तरीका तब बहुत काम आता है जब आपके पास समय कम हो और धूप का इंतजार नहीं कर सकते।ध्यान रखें कि कपड़े फैलाते समय उन्हें अच्छी तरह से फैला लें।



### डीह्यूमिडिफायर का प्रयोग करें

डीह्यूमिडिफायर एक ऐसा उपकरण है, जो कमरे की नमी को कम करता है, जिससे आपके गीले कपड़े तेजी से सूख जाते हैं।इसे उस कमरे में लगाएं जहां आपने अपने कपड़े फैलाए हों ताकि वह वहां की अतिरिक्त नमी सोखे और वातावरण को शुष्क बनाए रखे।इन सरल उपायों को अपनाकर सर्दियों में भी आप आसानी से बिना धूप के अपने कपड़ों को सही तरीके से सुखा सकते हैं।

## विराट कोहली के पास अपने पुराने तेवर दिखाने का आखिरी मौका,पांचवां टेस्ट आज से

सिडनी, (आरएनएस)। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का शुक्रवार से सिडनी में शुरू होने वाला पांचवां और आखिरी टेस्ट स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के लिए अपने पुराने तेवर दिखाने का आखिरी मौका होगा। अब तक सुपर फ्लॉप रहे कोहली को सिडनी में बड़ा स्कोर बनाकर दिखाना होगा कि उनमें अभी दमखम बाकी है।



पहले ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफ़ी में दो विराट कोहली हिस्सा ले रहे हैं और इसमें ग़लती ख़ुद उनकी ही है। छह वर्ष पहले जब वह यहां आए थे तब उन्होंने एक ऐसा शतक लगाया था जिसे घर के बाहर किसी बल्लेबाज़ द्वारा लगाए गए सबसे बेहतरीन शतक की संज्ञा दी जा सकती है। 2018 में पर्थ में खेली गई उनकी पारी यह विश्वास दिलाने के लिए पर्याप्त थी कि जब तक वह क्रीज़ पर हैं, तब कुछ भी संभव है।

यहां तक कि 2024 की शुरुआत भी उनके लिए काफ़ी बेहतर हुई थी। कोहली ने ऐसी पिच पर 46 रन बनाए थे जहां दक्षिण अफ़्रीका की पूरी टीम 55 पर सिमट गई थी। कोहली के सामने जितनी ही बड़ी चुनौती आई वह उतनी ही रफ़्तार के साथ उससे पार पाने में सफल रहे। हर टीम को ऐसे खिलाड़ी की ज़रूरत होती है।

मौजूदा दौरे पर कोहली सभी छह बार ऑफ़ स्टंप के बाहर की गेंद को छेड़ने के दौरान आउट हुए हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, अब समय आ गया है जब उन्हें ना सिर्फ़ रन बनाने होंगे बल्कि इस समस्या से निकलने के लिए उन्हें आउट होने का कोई दूसरा तरीका भी ढूंढना होगा। मैंने अब तक ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा है जिसका टेस्ट क्रिकेट पर कोहली जितना इम्पैक्ट हो और उसके साथ यह कमज़ोरी हो। मुझे नहीं लगता कि किसी शीर्ष क्रम के बल्लेबाज़ के साथ ऐसी कोई कमज़ोर कड़ी रही हो। हां ऐसा हो चुका है कि कई बार खिलाड़ी एक ही तरह से आउट हुए हैं लेकिन कोहली के संदर्भ में यह काफ़ी समय से घटित हो रहा है।

## डबल्यूपीएल में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी लेग स्पिनर प्रेमा रावत

बेंगलुरु (ए)। उत्तराखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाली लेग स्पिनर प्रेमा रावत महिला प्रीमियर लीग (डबल्यूपीएल) के लिए हुई मिनी नीलामी के बाद सभी की नजरों में आई हैं। प्रेमा को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 1.20 करोड़ की बड़ी रकम देकर अपने साथ जोड़ा है। प्रेमा अपनी स्पिन गेंदबाजी के अलावा एक अच्छी फील्डर भी हैं। प्रेमा ने इसी साल हुए उत्तराखंड प्रीमियर लीग में भी अच्छा प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया था। वह निचले प्रेमा लोअर ऑर्डर में शानदार बल्लेबाजी भी कर सकती हैं। आरसीबी के दल में आशा शोभना के रूप में पहले से ही एक शानदार लेग स्पिन गेंदबाज हैं पर इसके बाद भी टीम ने प्रेमा रावत को अपने साथ नीलामी में शामिल किया है। इसका कारण कारण शोभना का पूरी तरह से फिट नहीं होना है। ऐसे में फ्रेंचाइजी किसी तरह का कोई खतरा मौल नहीं लेना चाह रही है। यही कारण है कि लेग स्पिनर के तौर पर प्रेमा को टीम के साथ जोड़ा गया है। पिछले सत्र में स्मृति मंधाना की कप्तानी में आरसीबी ने शानदार प्रदर्शन किया था।

## ड्रेसिंग रुम की बातें बाहर नहीं जानी चाहियें : गंभीर



मेलबर्न (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सिडनी टेस्ट से पहले मीडिया से बात करते हुए कहा है कि ड्रेसिंग रूम की बातें यहीं तक सीमित रहनी चाहिए। उनका बाहर जाना सही नहीं होता। उन्होंने कहा कि ड्रेसिंग रुम में तनाव की बातें गलत है। गंभीर ने ये बात इसलिए कही क्योंकि टीम में गुटबाजी बातों को लेकर विवाद उठा था। ये भी कहा जा रहा था कि टीम के कुछ खिलाड़ी पहले टेस्ट में भी जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाये जाने के खिलाफ थे। इसी कारण मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद गंभीर ने खिलाड़ियों को कड़ी फटकार लगायी थी। तब गंभीर ने सीनियर खिलाड़ियों पर भी जमकर निशाना साधा था। गंभीर ने कहा था कि अब उन्हें टीम की योजना के अनुसार काम करना होगा।

गंभीर ने टीम में गुटबाजी के सवालों पर कहा कि कोच और खिलाड़ियों के बीच जो बातें होती हैं उन्हें ड्रेसिंग रूम में ही रहनी चाहिए। इस प्रकार की बातें बाहर आने से बेवजह विवाद होते हैं। साथ ही कहा कि.जब तक ड्रेसिंग रूम में ईमानदार लोग मौजूद हैं तब तक भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में रहेगा। कोच ने कहा कि टीम में बने रहना केवल प्रदर्शन पर आधारित होता है। साथ ही कहा कि अगर किसी खिलाड़ी से व्यक्तिगत तौर पर बात होती है तो उसे दोनों के बीच में ही रहनी चाहिए' ड्रेसिंग रूम में तनाव की बातें सहीं नहीं हैं। गंभीर ने भारतीय ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों से कहा कि अब बहुत हो गया। खिलाड़ियों को टीम की योजना के अनुसार चलना होगा। कोच ने टीम की योजना को सही तरीके से अमल में नहीं लाने के लिए नाराजगी जतायी। मेलबर्न में भारतीय टीम के अनुभवी खिलाड़ियों ने लापरवाही में विकेट खो दिये। गंभीर ने खिलाड़ियों से कहा कि उन्होंने उन्हें अपनी मर्जी से खेलने की अजादी दी थी लेकिन अब वह स्वयं टीम के खेलने के तरीके का फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी उनके मैच के पहले बनाए गए प्लान को अमल में नहीं लाएंगे उन्हें टीम से बाहर जाना होगा।

## सिडनी टेस्ट में रोहित शर्मा के चयन पर हेड कोच गौतम गंभीर ने दी अपडेट

सिडनी, (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी टेस्ट में रोहित शर्मा के खेलने की पुष्टि नहीं की। उन्होंने कहा कि कप्तान रोहित की जगह प्लेइंग इलेवन में होगी या नहीं, यह मैच वाले दिन पिच देखकर तय किया जाएगा।

रोहित शर्मा इस सीरीज में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। पांच मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 1-2 से पिछड़ी हुई है। नियमित कप्तान रोहित पर्थ में हुए मैच में अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेले थे। जब से वह दूसरे टेस्ट से टीम में वापस आए हैं, तब से उन्होंने सिर्फ 31 रन बनाए हैं और उनकी औसत 6.20 रही है।

गंभीर ने मीडिया से कहा, रोहित पूरी तरह ठीक हैं। इसमें कोई परंपरागत बात नहीं है कि वह प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं आए। हेड कोच का यहां होना पर्याप्त है। हम पिच का निरीक्षण करेंगे और टीम का निर्णय कल करेंगे।

जब उनसे फिर पूछा गया कि रोहित, जो नेट प्रैक्टिस में शामिल हुए थे, सिडनी टेस्ट खेलेंगे या नहीं, तो उन्होंने दोबारा कहा, मैंने पहले ही कहा है कि हम पिच देखकर कल टीम की घोषणा करेंगे। जवाब वही है।

इसके अलावा, गंभीर ने तेज गेंदबाज आकाश दीप के पीठ की चोट के कारण पांचवें टेस्ट से बाहर होने की पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने उनके स्थान पर किसी खिलाड़ी का नाम नहीं बताया।

उन्होंने कहा, आकाश दीप बाहर हो गए हैं क्योंकि उन्हें पीठ में समस्या है। यही एकमात्र चोट की समस्या है।

ऑस्ट्रेलिया इस समय 2-1 की बढ़त पर है और वह सिडनी में ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेगा। वहीं, भारत का लक्ष्य सीरीज को बचाए रखना है। भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए सिडनी टेस्ट जीतना जरूरी है। साथ ही, भारत को यह भी उम्मीद करनी होगी कि श्रीलंका में होने वाले दोनों टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया न जीते।

बॉर्डर गावस्कर सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट शुक्रवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में शुरू होगा।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफीः मार्श ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर, वेबस्टर सिडनी टेस्ट में डेब्यू करेंगे

सिडनी, (आरएनएस)। भारत के खिलाफ 5वें टेस्ट मैच के लिए आस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल मार्श को टीम से बाहर कर दिया गया है, उनकी जगह ब्यू वेबस्टर को मौका दिया गया है। शुक्रवार से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज का 5वां और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा।

गुरुवार को एससीजी में पत्रकारों से बात करते हुए ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने टीम में बदलाव की पुष्टि की। जिसमें वेबस्टर को मार्श की जगह शामिल किया गया है। मार्श ने श्रृंखला में 10.42 की औसत से 73 रन बनाए हैं।

ऑस्ट्रेलिया टीम के लिए डेब्यू करने वाले वेबस्टर 469वें टेस्ट खिलाड़ी बनेंगे। उन्होंने मार्च 2022 से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 57.10 की औसत से रन बनाए हैं, जबकि 31.70 की औसत से 81 विकेट भी लिए हैं।

वेबस्टर ने अपने पिछले तीन प्रथम श्रेणी मैचों में 12 विकेट लिए हैं, जिसमें से हाल ही में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया ए बनाम भारत ए मैच में उन्होंने छह विकेट लिए तथा नाबाद 46 रन बनाए।

# यदि रोहित संन्यास लेते हैं तो मुझे हैरानी नहीं होगी : रवि शास्त्री

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि अगर कप्तान रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेते हैं तो उन्हें आश्चर्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर रोहित का आखिरी मैच अच्छा रहता है तो उन्हें इस प्रारूप से खुशी-खुशी विदायी ले लेनी चाहिए।

सिडनी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के अंतिम टेस्ट की पूर्व संध्या पर रोहित के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गईं, जहां मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पहले दिन के खेल से पहले पिच को देखने के बाद प्लेइंग इलेवन का फैसला किया जाएगा, हालांकि उन्होंने यह नहीं कहा कि शुक्रवार से शुरू होने वाले मैच में भारतीय कप्तान का खेलना तय है या नहीं।

मौजूदा सीरीज में रोहित ने तीन मैचों में 6.2 की औसत से सिर्फ 31 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, वह अपने करियर को लेकर फैसला करेंगे लेकिन मुझे बिल्कुल भी आश्चर्य नहीं होगा (अगर शर्मा संन्यास लेते हैं) क्योंकि उनकी उम्र कम नहीं हो रही है। विंग्स में अन्य युवा खिलाड़ी भी हैं, शुभमन गिल, जो वर्ष 2024 में 40 से अधिक औसत वाले अपने स्तर के खिलाड़ी हैं और खेल नहीं रहे हैं।

यह आपके दिमाग को चकरा देता है कि वह बेंच पर बैठकर क्या कर रहा है। इसलिए मुझे आश्चर्य नहीं होगा, लेकिन यह उसका फैसला है। दिन के अंत में, यदि भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (फाइनल) के लिए क्वालीफाई कर लेता



है या यदि वे अभी भी फाइनल के लिए क्वालीफाई करते, तो यह पूरी तरह से एक और बात है। अन्यथा, मुझे लगता है कि यह सिर्फ सही समय हो सकता है - लेकिन (यदि शर्मा खेलते हैं) तो उन्हें शानदार प्रदर्शन करना चाहिए। यदि मैं रोहित शर्मा के आसपास होता, तो मैं उनसे कहता, 'बस जाओ और धमाका करो। बस मैदान पर जाओ और धमाका करो'।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, ठीक वैसे ही जैसे जब आप इस समय जिस तरह से खेलने की कोशिश कर रहे होते हैं, वह अच्छा नहीं लगता। मैदान पर जाओ और विपक्ष पर हमला करो और फिर देखते हैं क्या होता है।

उन्हें यह भी लगता है कि रोहित का रेड-बॉल फॉर्म पिछले कुछ महीनों में अपने स्वाभाविक खेल को नहीं खेलने के कारण गिर गया है, और उन्होंने उनकी स्थिति की तुलना ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के संघर्ष से की। मुझे लगता है कि जब मैं बाहर से देखता हूं, तो मुझे लगता है कि वह गेंद पर थोड़ा देर से आता है। उसके पैर सामान्य रूप से उतने अच्छे से नहीं चलते हैं। अपने चरम पर भी, उसका फुटवर्क न्यूनतम था, लेकिन और भी बहुत कुछ था। वह गेंद की ओर अधिक था। इस समय, मुझे लगता है कि वह क्रीज पर पकड़ा हुआ है।यह ऑस्ट्रेलियाई टीम में (उस्मान) ख्वाजा की तरह है, जहां आप न तो आगे होते हैं और न ही पीछे। और मुझे लगता है कि जब रोहित गेंद की ओर अधिक आगे बढ़ता है और विरोधी टीम से भिड़ने का इरादा रखता है, तो उस समय दिमाग से पैरों तक सही संकेत जाते हैं कि उन्हें क्या करना है।उन्होंने विस्तार से बताया, मैं चाहता हूं कि वह बस वहां जाएं, धमाका करें, कोशिश करें और यह टेस्ट मैच जीत जाएं। आप एक टेस्ट हार सकते हैं। आपने अभी तक श्रृंखला नहीं हारी है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को बरकरार रखने के लिए इस टेस्ट मैच को जीतने की कोशिश करें। यह वहां जाकर अपना स्वाभाविक खेल नहीं खेल पाना है (जो उसे प्रभावित कर रहा है)।

## विदेश समाचार

## इजरायल के पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने नेसेट से दिया इस्तीफा

तेल अवीव(आरएनएस)। इजरायल के पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने नेसेट से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्री पद से बर्खास्त किए जाने के दो महीने से भी कम समय बाद उन्होंने नेसेट से इस्तीफा दिया है।



गैलेंट ने बुधवार शाम को इस्तीफा देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने के लिए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार की आलोचना की। हालांकि, गैलेंट ने कहा कि वह नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के सदस्य बने रहेंगे।

इजरायली मीडिया को दिए एक बयान में गैलेंट ने अपने राजनीतिक और सैन्य योगदान के लिए खुद को श्रेय दिया। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने आंशिक रूप से हमास हिजबुल्लाह और ईरान की सैन्य क्षमताओं को खत्म कर दिया था।

टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले और जारी संघर्ष के दौरान इजरायल की कार्रवाई की जिम्मेदारी भी ली।

गैलेंट ने इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) में अपने 35 साल की सर्विस पर भी बात की। उन्होंने नेसेट सदस्य के रूप में एक दशक और रक्षा मंत्री के रूप में दो साल तक काम किया।

## अमेरिकी सेना में नौकरी, दो शादियां, आईएसआईएस कनेक्शन, कौन है ट्रक हमले का संदिग्ध





वाशिंगटन,(आरएनएस)। नए साल का पहला दिन अमेरिका के लिए त्रासदी बनकर आया। लुइसियाना के न्यू ऑरलियन्स में एक शख्स ने भीड़ में तेज रफ्तार ट्रक घुसाकर 15 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। ट्रक अटैक में 35 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक चलाने वाले को गोली मार दी।

संदिग्ध की पहचान टेक्सास निवासी 42 वर्षीय अमेरिकी नागरिक शम्सुद्दीन जब्बार के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एफबीआई का कहना है कि वाहन में इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) का झंडा मिला है और वे इस हमले की जांच आतंकवादी कृत्य के रूप में कर रहे हैं।

जांचकर्ताओं का कहना है कि संदिग्ध ने हमले से कुछ घंटे पहले सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किए थे, जिससे पता चलता है कि वह आईएसआईएस से प्रेरित था और हत्या करने का इरादा रखता था।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक जांच से अवगत कई अधिकारियों के अनुसार, संदिग्ध ने वीडियो में अपने परिवार की हत्या की योजना बनाने और ऐसे सपने देखने की बात कही, जिनसे उसे आईएसआईएस में शामिल होने की प्रेरणा मिली।

### न्यू ऑरलियन्स की वह काली रात , मां मैं जिंदा हूं...जो कुछ हुआ उसे शब्दों में बयां करना मुमकिन नहीं

वाशिंगटन,,(आरएनएस)। बॉर्बन स्ट्रीट, जो हमेशा शोरगुल और खुशियों से गूंजती रहती है, उस रात मूक हो गई थी। सड़क पर बिखरे जूते, खून के धब्बे, और पुलिस टेप के पार छाई सन्नाटा, मानो हर चीख को चुप कराने की कोशिश कर रहा था। यह नए साल का दिन था—एक दिन जो उम्मीद और उत्सव का प्रतीक माना जाता है, लेकिन इस बार यह आतंक और दर्द का पर्याय बन गया।28 वर्षीय जे मैकगफी, मिसिसिपी से अपने दोस्तों के साथ आई थीं। वह अभी भी उस पल को याद करती हैं, जब क्लब से बाहर निकलते ही उनकी नज़र जमीन पर पड़े शवों पर पड़ी। मुझे अपनी माँ को फोन करना था। मैंने कहा, माँ, मैं ज़िंदा हूँ। लेकिन मेरे आसपास जो हुआ, वह शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।28 वर्षीय केसी किर्श, अपने परिवार के साथ पिट्सबर्ग से आए थे। वे अपने ससुर जेरेमी को लेकर बहुत उत्साहित थे, जो व्हीलचेयर पर होने के बावजूद जीवन से भरपूर थे। लेकिन उस रात, हर उम्मीद टूट गई। किर्श ने बताया, जब गोलियों की आवाज़ सुनी, हमने ससुर को खोजने की कोशिश की। अफरा-तफरी में वे पीछे छूट गए। उनके फोन बंद थे, और हमारा डर बढ़ता जा रहा था।

## हूती विद्रोहियों का दावा, अमेरिकी एमक्यू 9 ड्रोन मार गिराया

सना, (आरएनएस)। यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने मध्य यमन के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया। यह 72 घंटे के भीतर हूती द्वारा गिराया गया दूसरा एमक्यू-9 ड्रोन है।

हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने बताया कि ड्रोन मारिब प्रांत के ऊपर मिशन को अंजाम दे रहा था, जब उसे स्थानीय रूप से निर्मित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल से नष्ट कर दिया गया। यह नवंबर 2023 के बाद से हूती द्वारा गिराया गया 14वां ड्रोन है।

अल-मसीरा टीवी ने बताया कि ड्रोन को गिराने का फुटेज जल्द ही प्रसारित किया जाएगा। हालांकि, अमेरिकी सेना ने इस दावे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। हूती समूह ने पहले भी इस तरह के हमलों का दावा किया है।

हूती समूह नवंबर 2023 से इजरायल के खिलाफ रॉकेट और ड्रोन हमलों में सक्रिय है और गाजा में इजरायल के साथ संघर्ष के दौरान फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए लाल सागर में इजरायल से जुड़े शिपिंग को बाधित कर रहा है। इसके जवाब में, अमेरिकी नेतृत्व वाले नौसेना गठबंधन ने हूती के खिलाफ कई हवाई हमले किए हैं, और हूती लक्ष्यों के खिलाफ हमले जारी रखे हैं। बता दें कि हूती समूह का यमन पर नियंत्रण है।

यूएस सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी करते हुए बताया कि उनके बलों ने यमन में हूती-नियंत्रित तटीय क्षेत्रों में हूती लक्ष्यों के खिलाफ कई सटीक हमले किए हैं। इसमें हूती कमांड और नियंत्रण सुविधाओं, उन्नत पारंपरिक हथियार (एसीडब्ल्यू) उत्पादन और भंडारण सुविधाओं पर हमले शामिल थे। अमेरिकी नौसेना और वायु सेना के विमानों ने हूती तटीय रडार साइट और लाल सागर के ऊपर सात क्रूज मिसाइलों और एकतरफा हमलावर यूएवी को नष्ट किया।

## ट्रक अटैक के 24 घंटे के अंदर फिर दहला अमेरिका, न्यूयॉर्क के नाइट क्लब में सामूहिक गोलीबारी



न्यूयॉर्क, (आरएनएस)। न्यूयॉर्क शहर के क्वींस में बुधवार देर रात (1 जनवरी) को एक नाइट क्लब में हुई सामूहिक गोलीबारी में कई लोग घायल हो गए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई फुटेज में नाइट क्लब के बाहर पुलिस और एंबुलेंस की भारी तैनाती देखी जा सकती है।

न्यूयॉर्क पोस्ट ने सूत्रों और पुलिस के हवाले से बताया कि बुधवार रात को क्वींस के एक नाइट क्लब के बाहर सामूहिक गोलीबारी में कम से कम 10 लोग घायल हो गए।

गोलीबारी रात 11:20 बजे से ठीक पहले जमैका के अमजुरा नाइट क्लब के पास शुरू हुई। 4,000 लोगों की क्षमता वाले इस नाइट क्लब में नियमित रूप से डीजे और लाइव परफॉर्मेंस होती हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पीड़ितों को लॉन्ग आइलैंड यहूदी अस्पताल और कोहेन चिल्ड्रन मेडिकल सेंटर सहित क्षेत्रीय अस्पतालों में ले जाया गया।

यह घटना उसी दिन घटित हुई, जब नए साल के दिन मध्य न्यू ऑर्लीन्स में एक वाहन द्वारा भीड़ को कुचलने से कई लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए।

एक व्यक्ति ने नए साल के दिन सुबह-सुबह न्यू ऑर्लीन्स में एक पिकअप ट्रक को तेज गति से भीड़ में घुसा दिया, जिससे 15 लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक चलाने को गोली मार दी।

ट्रक ड्राइवर की हचान टेक्सास निवासी 42 वर्षीय अमेरिकी नागरिक शम्सुद्दीन जब्बार के रूप में हुई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एफबीआई का कहना है कि वाहन में इस्लामिक स्टेट (आईएस) का झंडा मिला है और वे इस हमले की जांच आतंकवादी कृत्य के रूप में कर रहे हैं।

जांचकर्ताओं का कहना है कि संदिग्ध ने हमले से कुछ घंटे पहले सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किए थे, जिससे पता चलता है कि वह आईएस से प्रेरित था और हत्या करने की इच्छा रखता था।

## बांग्लादेश की चटगाँव अदालत का हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को जमानत देने से इनकार

बांग्लादेश,(आरएनएस)। चटगाँव की एक अदालत ने आज कड़ी सुरक्षा के बीच हुई सुनवाई के दौरान पूर्व इसकोन नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को जमानत देने से इनकार कर दिया। हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था, तब से वह जेल में हैं।



कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधा रमन दास ने कहा, यह बहुत दुखद समाचार है। हम जानते हैं कि पूरी दुनिया इस पर नज़र रखे हुए थी। सभी को उम्मीद थी कि चिन्मय प्रभु को नए साल में आज़ादी मिलेगी - लेकिन 42 दिनों के बाद भी, आज सुनवाई में उनकी ज़मानत खारिज कर दी गई... बांग्लादेश सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें न्याय मिले।

इससे पहले 11 दिसंबर को एक बांग्लादेश की एक अदालत ने दास की प्रारंभिक जमानत याचिका को प्रक्रिया में खामी के कारण खारिज कर दिया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, वैध पावर ऑफ अटॉर्नी और वकील की अनुपस्थिति के कारण याचिका खारिज की गई थी।

## अमेरिका के कैलिफोर्निया में होमवर्क का बोझ कम करने के लिए बना नया कानून

सैक्रामेंटो,(आरएनएस)। अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में छात्रों पर होमवर्क के मानसिक तनाव को कम करने लिए एक नया कानून लागू किया गया। इस कानून का उद्देश्य छात्रों के होमवर्क के बोझ को कम करना है। यह कानून 1 जनवरी 2025 से प्रभावी हो गया है, जिसे गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने सितंबर 2024 में मंजूरी दी थी।

इस कानून का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शिक्षा और कल्याण को बढ़ावा देना है और होमवर्क में स्थिरता और स्पष्टता सुनिश्चित करना है।

इस विधेयक को कैलिफोर्निया की प्रांतीय असेम्बली सदस्य पिलर शियावो ने पेश किया था। उनका मानना था कि छात्र, जैसे उनकी बेटी सोफिया जॉनसन, अक्सर भारी होमवर्क की वजह से तनाव महसूस करती थी। इस कानून का उद्देश्य शैक्षिक समानता और होमवर्क की प्रभावशीलता को सुधारना है।हालांकि, यह कानून होमवर्क पर प्रतिबंध नहीं लगाता। इसकी बजाय, यह स्थानीय शैक्षिक एजेंसियों (एलईए) को हर कक्षा स्तर के लिए होमवर्क नीतियां बनाने और नियमित रूप से अपडेट करने की जिम्मेदारी देता है। इसके लिए, कैलिफोर्निया शिक्षा विभाग 1 जनवरी 2026 तक दिशा-निर्देश जारी करेगा, ताकि स्कूल जिलों को एक केंद्रीकृत संसाधन मिल सके।कुछ शिक्षक और अभिभावक चिंतित हैं कि होमवर्क की आवश्यकताओं को कम करने से शैक्षणिक मानक प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि, इसके समर्थकों का कहना है कि इस कानून का उद्देश्य होमवर्क को पूरी तरह से खत्म करना नहीं है, बल्कि इसे अधिक सहायक और छात्रों की भलाई के अनुसार बनाना है।

# विधायक, कलेक्टर और एसपी ने नर्मदा घाट एवं सीएम राइज स्कूल का किया निरीक्षण ग्राम जैत पहुंचकर ग्रामीणों से किया जनसंवाद



सीहोर (निप्र)। बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने ने ग्राम जैत में नर्मदा तट पर निर्माणाधीन घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्य पूरा करने तथा पुताई के संबंध में निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने घाट पर स्वच्छता बनाये रखने के लिए सफाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम जैत में विकास कार्यों का निरीक्षण किया एवं बैठक कर ग्रामीण जनों से जनसंवाद किया और उनकी स्थानीय समस्याएं सुनीं। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को सभी स्थानीय समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

विधायक रमाकांत भार्गव, कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं दीपक कुमार शुक्ला ने शाहगंज के ग्राम महोडिया में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को तय समय-सीमा में सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एसडीएम डीएस तोमर, जनपद सीईओ देवेश सराठे, अतिरिक्त तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, नायब तहसीलदार रीतेश जोशी एवं सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## धर्म परिवर्तन संबंधी-आपत्ति

सीहोर (निप्र)। भैरूंदा तहसील के नयागांव निवासी रज्जाक खाँ पुत्र श्री बाबू खाँ द्वारा मुस्लिम धर्म से सनातन (हिन्दु) धर्म में धर्माचार्य श्री धर्मेन्द्र शास्त्री (पुरोहित आर्य समाज गंज सीहोर) द्वारा परिवर्तन के लिए अपना, अपनी पत्नी कल्लो बी एवं पुत्र अफजल खाँ एवं शहजाद खान का निर्धारित प्ररूप क में सहपरिवार हिन्दु धर्म अपनाने की अनुमति के लिए आवेदन पत्र जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत किया है। इस संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सूचना जारी कर कहा है कि किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो, तो वह आगामी 60 दिवस के भीतर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सीहोर के कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# एन.के.बी.पी.एल.द्वारा किसान संगोष्ठी का आयोजन



सीहोर (निप्र)। सीहोर जिले के ग्राम लाडकुई में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को कम रसयान की खेत में उपयोग करने और अधिक मात्रा में गोबर या जैविक खाद डालने के प्रयोग करने को कहा गया। आगे जानकारी दी गई कि ज्यादा रसायन से मिट्टी उर्वरकता खत्म हो रही है। जमीन भी बंजर हो रही है तथा कठौरपन लिए हुए है। जमीन में खाद पदार्थ भी नष्ठ हो हो रहे हैं। किसानों ने भी जैविक खेती करने का संकल्प लिया। कम खर्चे में अधिक उत्पादन लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि अधिकारी ललित जायसवाल, ग्रुप लीटर शफिक खाद सेल्स रिप्रजेंटेटिव, अर्जुन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित



सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ने आष्टा तहसील के ग्राम आमला मज्जू, अमरपुरा, गाजना एवं लाखिया में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती स्वाति मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं से सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए प्रदेश के साथ ही जिले में भी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिलेभर में अनेक स्थानों पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

इस शिविरों में आमजन को शासन की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी जा रही है एवं सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अनेक स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया गया।

## कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से की 100 दिवसीय निक्षय शिविर की प्रगति की समीक्षा

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही जिले में भी टीबी से बचाव के लिए 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान की कार्य प्रगति की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीबी की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग के लिए उच्च जोखिम संभावित मरीज जैसे टीबी मरीज, उच्च जोखिम बीएमआई के मरीज, डायबिटीज के मरीज, धूम्रपान (नशा करने वाले) व्यक्तियों के समूह को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभी तक की गई टेस्टिंग की उपलब्धि की विकासखण्डवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि चिन्हांकित मरीजो की सूची बनाकर स्क्रीनिंग की जाये।

## राष्ट्रीय युवा उत्सव पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार युवा कल्याण विभाग, नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना पंच प्रण और आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सीहोर स्थित आवासीय खेलकूद संस्थान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने भाग लिया। इस जिला स्तरीय युवा उत्सव में कविता, चित्रकला, भाषण, विज्ञान मेला, समूह लोकनृत्य, फोटोग्राफी, लोकगीत आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कविता लेखन में हिमांशी परमार ने प्रथम, हर्षिता परमार ने द्वितीय, श्रद्धा मेवाड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## व्यर्थ में मिट्टी पानी खर्च करना पाप है - निर्णय सागर जी महाराज

सीहोर (निप्र)। दिगंबर जैन संत समाधिस्थ संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर सागर जी महाराज साहब से



दिक्षित वर्तमान आचार्य 108 श्री समय सागर महाराज साहब के परम प्रभावक शिष्य पाठशाला प्रेरक मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मे धर्म सभा मे प्रवचन के दौरान श्रावक श्राविकाओ को संबोधित करते हुए प्रकृति की अमूल्य देन के महत्व को समझाते हुए कहा कि संसार की समस्त वस्तुएं बड़े पुण्य से प्राप्त होती है। हम इनका मूल्य नहीं समझते हैं दिन रात दिन रात इनको बर्बाद करते रहते हैं । इनकी बर्बादी से पाप कर्म का बंध तो होता ही है। परन्तु प्रकृति का संतुलन भी नष्ट होता है। आज कलयुग है फिर भी प्रकृति में मिट्टी है, पानी है ,हवा है ,अग्नि, बिजली है । वनस्पति के रूप में पेड़ पौधे हैं। इनका हमको हमेशा ध्यान रखना चाहिए । इनमें भी जीव होते हैं इन्हें भी कष्ट होता है।इनको जितनी आवश्यकता है उतना ही उपयोग करो में आवश्यकता उपयोग करने में अल्पमत पाप होगा। जब कि अनावश्यक बर्बाद करने से भयंकर पाप होगा। मतलब आवश्यक में सरसों के दाने बराबर वह अनावश्यक में पर्वत अर्थात पहाड़ बराबर पाप लगेगा आज मानव अपने स्वार्थ के लिए पहाड़ काट रहा है पानी को बांध बनाकर प्रकृति का संतुलन बिगड़ा रहा है ।

# नये साल पर खाटू श्याम मंदिर सीहोर पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## सनातन धर्म प्रेमियों की आस्था का प्रमुख केंद्र बन रहा सीहोर का खाटू श्याम मंदिर

सीहोर (निप्र)। सीहोर के भोपाल-इंदौर बायपास शासकीय अखिल भारतीय मानसिक पुनर्वास संस्थान के सामने नवनिर्मित खाटू श्याम मंदिर सीहोर ही नहीं बल्कि आसपास के सनातनी धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं की आस्था का



एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है । नवंबर माह में यहां हारे के सहारे खाटू श्याम जी की प्राण प्रतिष्ठा और महाविशाल भंडारे में हजारों लोगों ने शामिल होकर महाप्रसादी का आनंद लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया था तो वहीं अब नववर्ष के अवसर पर भी हजारों की संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने अपने दिन की शुरुआत हारे के सहारे बाबा श्याम के दर्शन और पूजन कर की तथा सभी पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखने की प्रार्थना बाबा श्याम से की । इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए मंदिर संस्थापक ऋषि सोलंकी ने बताया कि नए साल पर यहां किसी मेले जैसा माहौल बन गया था और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन पूजन किए तथा आरती में सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया । ऋषि सोलंकी ने आगे बताया कि नवंबर माह में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही यहां लगातार दर्शन करने आने वाले भक्तों की संख्या बढ़ती ही जा रही है और प्रत्येक एकादशी पर तो यहां का नजारा देखते ही बनता है जब बड़ी संख्या में लोग यहां बाबा के दर्शन करने आते हैं और सभी की सुख समृद्धि की कामना करते हैं तथा सभी पर बाबा की कृपा दृष्टि बने रहने की कामना करते हैं ।

# ब्राह्मण समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 12 जनवरी को, 500 से अधिक प्रविष्टियां आने की संभावना

### आयोजन के लिए 100 से ज्यादा समाजजन की अलग-अलग समितियां गठित
### अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा रहेंगे मुख्य अतिथि



सीहोर (निप्र)। सर्व ब्राह्मण एकता मंच के तत्वाधान में 12 जनवरी रविवार को मध्यप्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में 500 से अधिक युवक-युवती और उनके परिजन के अलावा बड़ी संख्या में विप्रबंधु शामिल होंगे। आयोजन के लिए 100 से ज्यादा समाजजन की अलग-अलग समितियां गठित की गई हैं। यह समितियां भोजन, मंच, परिचय परिवहन,आवास, कुंडली मिलान, सामंजस बैठाने आदि व्यवस्थाओं को स्वरूप प्रदान करेंगी। शहर के एक निजी गार्डन में इस बार होने वाले निशुल्क हाईटेक परिचय सम्मेलन में 500 प्रविष्टियां शामिल होने की उम्मीद है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शामिल होंगे। स्वीकृति के लिए विप्र समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचकर पंडित श्री मिश्रा से भेंट की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि हमारे शहर में महानगर की तर्ज पर होने वाले इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में अनेक परिवार शामिल होंगे। आयोजित समारोह में प्रदेश भर के युवक-युवती शामिल होंगे। इसके लिए सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बैठक का आयोजन कर परिचय सम्मेलन की समिति में संयोजक के रूप में अखिल शर्मा, अध्यक्ष राजेश मोहन शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी, सचिव नवनीत उपाध्याय को स्थान दिया गया है। सम्मेलन में समाजजन अपने विवाह योग्य पुत्र-पुत्रियों के लिए योग्य वर-वधु की तलाशकर सकते हैं।

# उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने किया सहायक संचालक शिक्षा आर.के.बांगरे की अविस्मरणीय यात्रा की पुस्तक का विमोचन



सीहोर (निप्र)। आर.के.बांगरे सेवानिवृत्त सहायक संचालक शिक्षा विभाग तथा पूर्व प्राचार्य एक्सलेंस सीहोर की जीवन वृत्त व प्रसंग पर आधारित पत्रिका अविस्मरणीय यात्रा का विमोचन मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर श्री देवड़ा द्वारा श्री बांगरे की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई तथा दीर्घायू की कामना की। उपस्थित पत्रकार साथी पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय, नरेन्द्र जाटव, किशन लाल जाटव के सुपुत्र नरेन्द्र जाटव, संजीव चौकोटिया प्रधान सम्पादक समता साकेत, प्रदीप चौहान, सत्ता सुधार समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ के.जी.बैरागी, डॉ.अनीस खान, पूर्व पार्षद तथा समता साकेत सीहोर जिला ब्यूरोचीफ नरेन्द्र खंगराले, ए.आर.शेख मुन्शी, आशीष गुप्ता, पुरुषोत्तम मीणा, माधव अहिरवार रविदासिया धर्म संगठन के प्रदेश अध्यक्ष, समाजसेवी सुभाष बोयत, आर.डी.पंथी, राजाराम बड़े भाई, जाटव अहिरवार समाज प्रदेश अध्यक्ष प्रताप जाटव, समाजसेवी राजेश बांदेबाल, विनोद जाटव विदिशा, समता साकेत जिला शिवपुरी के ब्यूरोचीफ नीरज कुमार छोटी, शंकरलाल जाटव समाजसेवी महेन्द्र बंसल, रोविन छोकर इन्दौर, संतोष राजपूत, संतोष सिंह, कपिल सूर्यवंशी, स्वीमिंगपुल पिपल्या हाना इन्दौर के संचालक अमर चंद बिल्लारे, महेन्द्र बिल्लोरे, ईश्वर बिल्लोरे, कमल छोकर, गोलू बिल्लोरे, तेज बिल्लोरे, जितेन्द्र सिंह रघुवंशी सम्भागीय ब्यूरो प्रमुख, ट्रेजर आफ न्यू प्रधान सम्पादक इंजी. जितेन्द्र सिंह, राजेन्द्र मण्डलोई, अहिरवार समाज के सम्भागीय अध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, सोनकर खटीक समाज अध्यक्ष दीपक सोनकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# बालिकाओं को दिया जाएगा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण

सीहोर (निप्र)। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत छात्राओं में आत्मविश्वास को बढ़ाने एवं विपरीत परिस्थितियों में स्वय की रक्षा करने में समर्थ बनाने के उद्देश्य से शासकीय माध्यमिक शालाओं में बालिकाओं की पढ़ाई के साथ साथ रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा पहली से आठवी तक की बालिकाओं के लिए 15000 रूपये की रशि प्रति शाला के मान से आत्मरक्षा प्रशिक्षण की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला शिक्षा केंद्र की जिला परियोजना समन्वयक ने जानकारी दी कि वर्ष 2024-25 के यू डाइस के नामांकन के आधार पर पीएबी में स्वीकृत विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए उन शासकीय माध्यमिक शालाओं को चिन्हिंकित किया गया है जहां दर्ज बालिकाओं की संख्या 25 से अधिक है।

इसके साथ ही ईपीएस/हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूलों में प्रशिक्षण की सूची एवं बजट समग्र शिक्षा अभियान सेकेण्डरी एजुकेशन (आरएमएसए) से जारी की जायेगी। शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि प्रशिक्षक के रूप में समान्यत: महिला प्रशिक्षक को चयनित किया जाये। महिला प्रशिक्षक न मिलने की परिस्थिति में पुरूष प्रशिक्षक का चयन किया जा सकता है। प्रशिक्षण के समय एक महिला शिक्षिका की पूर्ण समय उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रशिक्षको को शाला प्रबंधन समिति द्वारा न्यूनतम एक माह के लिए चयनित किया जाएगा। जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय की खेल शाखा एवं युवा कल्याण विभाग कार्यालय द्वारा प्रशिक्षको की चयन सूची जारी कराई जाएगी। इसके लिए खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय में पंजीकृत प्रशिक्षको को प्राथमिकता दी जाएगी। सूची उपलब्ध न होने पर जिला खेल अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित कर प्रशिक्षको की सूची जारी की जाएगी। प्रशिक्षको का चरित्र सत्यापन पुलिस के माध्यम से कराया जाएगा। प्रशिक्षक को सेल्फ डिफेंस सर्टिफिकेशन (कराटे) कोर्स /ब्लैक बेल्ट योग्यताधारी होना चाहिए। प्रशिक्षण समयावधि 03 माह की होगी। प्रत्येक शाला में सप्ताह में 04 दिवस प्रशिक्षण कार्य अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

## कलेक्टर ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के दिए टिप्स

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने यूपीएससी एवं एमपीपीएससी की तैयारी करने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा के संबंध में टिप्स देते हुए कहा कि हमें अपना टाइम टेबल बनाकर पूरी लगन से उस पर काम करना चाहिए। यदि हम स्वयं के द्वारा बनाए गए टाइम टेबल पर अमल करते है और निरंतर प्रयास करते हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है। उन्होंने कहा कि विषयों को याद रखने के लिए हमें पढ़ाई को घटनाओं से जोड़कर अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी क्षमताओं को ठीक से समझते हुए किसी परीक्षा की तैयारी करना चाहिए और पढ़ाई को अधिकतम समय देना चाहिए। यह मार्गदर्शन टाउन हॉल सीहोर स्थित लाइब्रेरी में संचालित आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा कोचिंग संस्था के विद्यार्थियों को दिए। उल्लेखनीय है कि आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा द्वारा सीहोर के टाउन हॉल स्थित लाइब्रेरी में यूपीएससी एवं एमपीपीएससी की नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस प्रतिदिन सुबह 8:00 से 10:00 तक संचालित की जा रही हैं।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

email-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/5307/ खनिज/उ.प./2024, सीहोर, दिनाँक 16/12/2024

**प्रथम सूचना**

**( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क )**

यह सूचित किया जाता है कि **आवेदक 1. राजेश तीर्थानी आ. स्व. श्री वीरूमल तीर्थानी, निवासी- म.नं. 33, ब्राईट कॉलोनी,, ईदगाह हिल्स, भोपाल** द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र क्रमांक-35212 दिनांक 09.12.2024 को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 30 दिवस तक तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | इछावर | बामलादढ़ | 102/1 | 4.000 हे. | शासकीय | क्रशर हेतु पत्थर | कुल रकबा 8.482 हे. में से 4.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 8.482 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

खनि अधिकारी
जिला-सीहोर

जी/21104/24 हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


# सायबर क्राइम पुलिस, की सलाह

सीहोर (निप्र)। टेलीग्राम एप्लीकेशन के माध्यम से ठगी के संबंध में एडवाइजरी वर्तमान डिजिटल परिवेश में सायबर जालसाजों द्वारा नागरिकों को टेलीग्राम एप पर विभिन्न प्रकार से ठगा जा रहा है, जिसमें टेलीग्राम एप्लीकेशन पर विभिन्न प्रकार के मेसेज भेजकर धोखाधड़ी करना देखने में आ रहा है। टेलीग्राम एप पर सायबर ठग सक्रिय हैं, जो कई तरीकों से लोगों के साथ ठगी कर रहे है ऑनलाइन जॉब,पार्ट टाइम जॉब, टास्क पूरा करने जैसे वीडियो,चैनल को लाइक या सब्स्क्राइब कराने पर कमीशन का लालच देकर फाड किया जा रहा है। क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ग्रुप के अन्य सदस्यों द्वारा कई गुना लाभ बताकर पीड़ित को उनके बताये अनुसार क्रिप्टो करेंसी में निवेस करने के नाम पर ठगी करना। टेलीग्राम पर असली ट्रेडिंग चैनल से मिलते-जुलते नाम के फर्जी चैनल बनाकर उसमें सम्मिलित करके फर्जी खरीद-फरोख्त, निवेश तथा लाभ दिखाकर पैसे फॉड अकाउंट में डालकर ब्लॉक कर देना। टेलीग्राम पर प्रोडक्ट की शॉपिंग व सॉफ्टवेयर की मदद से रेटिंग बढ़ाने के नाम पर पैसे जमा कराना एवं लाभ दिखाकर पैसे ब्लॉक करके ग्रुप डिलीट कर देना। टेलीग्राम पर संचालित चैनलों पर फ्री मूवी, गेम, सॉफ्टवेयर डाउनलोड की सुविधा देकर पीड़ित के फोन में वायरस, Malware इंस्टाल कर के फोन का डाटा चुराना। टेलीग्राम पर किसी भी अनजान प्रोफाइल, ग्रुप या चैनल से ना जुड़ें ना ही किसी दिए गए लिंक पर क्लिक करें। क्रिप्टो करंसी निवेश पर अत्याधिक लाभ, शॉपिंग या जॉब ऑफर्स के लालच में फीस, रजिस्ट्रेशन, एडवांस ट्रेडिंग मनी आदि के नाम पर किसी खाते में पैसे जमा न करें। टेलीग्राम पर किसी लिंक के माध्यम से ओपन हुए एप / वेबपेज पर अपनी व्यक्तिगत जानकारियां दर्ज न करें। अपने सभी सोशल मीडिया व ईमेल अकाउंट आदि पर टू-फेक्टर ऑथेंटिकेशन की सुविधा चालू करें, ताकि आपके अकाउंट आसानी से हेक ना किये जा सकें। किसी भी अंजान वेबसाइट के माध्यम से मूवी, सॉफ्टवेयर इत्यादी डाउनलोड न करें।

# किसान, गोबर और गौ-मूत्र से खाद बनाएँ

सीहोर (निप्र)। किसान भाई सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे है अब किसान जानगये है ओर अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है। किसान अपने खेत पर गोबर और गौ-मूत्र से खाद भी बनाया है। मध्यप्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। कई किसानों ने अपने खेत में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की है। वे गोबर, गौ-मूत्र, मिट्टी, पत्ते, वनस्पति और गुण से जीवामृत बना रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों से खाद बनाने में लागत भी कम आती है और फसल में पैदावार भी अच्छी होती है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com